

दैनिक

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

आरएनआई क्र.MPHIN/2012/40924

# क्षितिज किरण

प्रेरणापुंज- विचित्र कुमार सिन्हा -- ब्यूरो प्रमुख भोपाल- विलक्षण सक्सेना

जबलपुर, होशंगाबाद एवं सीहोर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र निर्भीक समाचार-पत्र

प्रधान सम्पादक-कृष्णकान्त सक्सेना वर्ष-14, अंक -13 जबलपुर, सोमवार 10 फरवरी 2025 कीमत-70 पैसे पृष्ठ-8 संपादक अरुण श्रीवास्तव

# प्रयागराज महाकुंभ के लिए सिहोरा से चाकघाट तक महाजाम

## प्रशासन ने कहा हो सके तो लौट जाए, गाड़ी मोड़ने की जगह नहीं






**जबलपुर( नगर प्रतिनिधि )** प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ के मेले में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं का रेला कम होने की बजाय बढ़ता ही जा रहा है। शुक्रवार और शनिवार के बाद रविवार सुबह से शाम छह बजे तक हालात जस के तस बने रहे।

वाहनों और श्रद्धालुओं की संख्या इस कदर बढ़ी कि प्रयागराज से 400 किमी दूर जबलपुर और सिवनी तक वाहनों को रोक दिया गया। भोपाल से आने वाले वाहनों को भी निर्धारित शहरों के बाहर ही रोक दिया गया है। आइजी जबलपुर रेंज, अनिल सिंह कुशवाह के मुताबिक वाहनों की संख्या अत्यधिक बढ़ने से जहां के तहां वाहनों को रोका गया है।

**कछुओं की तरह चल रही गाड़ियां**

जबलपुर से शनिवार रात नौ बजे निकले वाहन रविवार शाम पांच बजे तक चाकघाट भी पार नहीं कर सके हैं। जबलपुर से 400 किमी दूर प्रयागराज तक वाहन रेंग-रेंग कर चल रहे हैं। पुलिस और प्रशासन ने वाहन सवारों के लिए नाश्ता, चाय-बिस्किट के इंतजाम किए हैं। वाहनों के पास ही सामग्री पहुंचाई जा रही है।

### एसपी, कलेक्टर स्थिति का जायजा लेने पहुंचे गोसलपुर



जबलपुर-कलेक्ट्र श्री दीपक सक्सेना और पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्य्ाय ने आज सिहोरा के पास पहुचंकर प्रयागराज कुंभ में जाने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ और उनकी सुरक्षा का जायजा लिया। साथ ही कानून व्यावस्था बनाये रखने के लिए आवश्यरक निर्देश भी दिये। ज्ञात हो कि प्रयागराज कुंभ में सभी की अद्भुत श्रद्धा व आस्था है। लेकिन यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए प्रयागराज संगम स्टेशन को अगले आदेश तक बंद कर दिया गया है। सिहोरा-कटनी-रीवा के रास्ते अभी हाइवे पर काफी वाहन आ जाने से जाम की स्थिति बनी हुई है, इस जाम की स्थिति से निजात के लिए कलेक्टार व एसपी ने आवश्यिक मार्गदर्शन दिया। पुलिस भी लगातार यात्रियों की सुरक्षा व सहूलियत को दृष्टिगत रखते हुए आवश्यवक निर्देश दे रही है।

**राष्ट्रीय राजमार्ग-30 में भी हालात भीड़ वाले**

जबलपुर सिहोरा मार्ग में राष्ट्रीय राजमार्ग-30 में भी हालात भीड़ वाले देखे जा रहे हैं। गांधीग्राम के पास मोहतरा स्थित टोल नाके पर लगभग दो किलोमीटर तक चार पहिया वाहन कारों, बसों एवं अन्य यात्री वाहनों की लंबी कतार लगी है।

इसके अलावा हाईवे सड़क मार्ग पर यातायात विभाग, एनएचआई व स्थानीय प्रश्न द्वारा प्रयागराज मार्ग बंद होने की सूचना अनाउंसमेंट से दी जा रही है।

**होटल ढाबों और रेस्टोरेंट में बढ़ी भीड़**

हाईवे में इस भीड़ के कारण ढाबों, होटलों, रेस्टोरेंट में भी भीड़ बढ़ गई है। यहां वाहनों का घमासान मचा हुआ है। इसके कारण हाइवे के होटल, रेस्टोरेंट, ढाबे का संचालन शनिवार को पूरी रात जारी रहा।

**मप्र और प्रयागराज की सीमा पर 28 किलोमीटर का लंबा**

मप्र और प्रयागराज की सीमा पर बने चाकघाट पर 28 किलोमीटर का लंबा जाम लगा हुआ है। जाम में फंसे लोगों का कहना है कि उन्होंने आठ घंटे में महज 20 किलोमीटर की ही दूरी तय की है। बमुश्किल रविवार की सुबह आठ बजे पहला जत्था प्रयागराज जिले की सीमा में प्रवेश कर पाया।

यहां से भी मेला स्थल करीब 30 किलोमीटर दूर है। प्रयागराज में भी जबर्दस्त जाम की स्थिति है। ऐसे में कुंभ स्थल तक कौन कब तक पहुंच पाएगा कहना मुश्किल है। रविवार की सुबह से ही सतना-कटनी-जबलपुर की ओर से आने वाले वाहनों की संख्या में इजाफा हुआ है।

**इस रास्ते कई राज्यों से आ रहे श्रद्धालु**

नेशनल हाईवे पर छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक के भी वाहन बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। इस वजह से न केवल रीवा-सतना बल्कि जबलपुर, कटनी, मैहर, नरसिंहपुर, सिवनी के पास से ही वाहनों की रवानगी नियंत्रित की जा रही है।

प्रयागराज में अत्यधिक श्रद्धालुओं के आने और पार्किंग में स्थान नहीं होने के कारण जबलपुर संभाग के सभी जिलों में वाहनों को रोक दिया गया है। स्थान मिलने पर ही धीरे-धीरे बढ़ाए जा रहे हैं। आठ घंटे का रास्ता 20 से अधिक घंटे में तय हो रहा है। संभव हो तो श्रद्धालु फिलहाल प्रयागराज तरफ नहीं जाएं। हालात सामान्य होने पर पुण्य स्नान का लाभ लें।

**अनिल कुशवाह, आइजी, जबलपुर संभाग**

### महाकुंभ में महाजाम, लाखों लोग सुबह से फंसे, प्रयागराज पहुंचने के सभी रास्तों पर 25 किमी तक गाडियां, संगम स्टेशन बंद



प्रयागराज.(आरएनएस)। महाकुंभ में रविवार की छुट्टी के चलते श्रद्धालुओं की जबरदस्त भीड़ है. संगम पहुंचने के सभी रास्तों में 10 से 15 किमी लंबा जाम लगा है. वाराणसी, लखनऊ, कानपुर और रीवा से प्रयागराज आने-जाने वाले रास्तों पर 25 किमी तक गाडियां रेंग रही हैं. संगम में डुबकी लगाने जाने वालों और वहां से लौटने वाले श्रद्धालु भूखे-प्यासे जाम खुलने का इंतजार कर रहे हैं.

प्रयागराज जंक्शन पर भीड़ को मैनेज करने के लिए इमरजेंसी क्राउड मैनेजमेंट प्लान लागू किया गया. भारी भीड़ को देखते हुए प्रयागराज संगम स्टेशन को बंद करना पड़ा. लखनऊ लौट रहे एक श्रद्धालु ने बताया- उनकी गाड़ी 3 घंटे से मलाका गांव के जाम में फंसी है. वहीं, महाकुंभ से मध्यप्रदेश जा रही श्रद्धालुओं से भरी एक बस सड़क किनारे पलट गई है. हादसे में 12 से ज्यादा श्रद्धालु घायल हो गए. आज सुबह मेला क्षेत्र के सेक्टर-19 में आग लग गई. इसमें एक कल्पवासी टेंट जल गया. सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने आग बुझाई. इधर, अखिलेश यादव ने भी कन्नौज के पास लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर महाकुंभ से लौट रहे श्रद्धालुओं से मुलाकात की. वह शनिवार रात सैफई जा रहे थे. श्रद्धालुओं से उन्होंने हालचाल पूछे. अखिलेश ने महाकुंभ पर यूपी में वाहनों को टोल मुक्त किए जाने की मांग की. कहा- इससे यात्रा की बाधा भी कम होगी और जाम का संकट भी.

वहीं, महाकुंभ जा रही ट्रेनों में जबरदस्त भीड़ है. वाराणसी में जगह न मिलने पर महिलाएं ट्रेन इंजन में घुस गईं और गेट बंद कर लिया. किसी तरह पुलिसकर्मियों ने महिलाओं को बाहर निकाला. हरदोई में भी कोच का गेट न खोलने पर नाराज श्रद्धालुओं ने हंगामा कर दिया. ट्रेन में जमकर तोड़-फोड़ की.

### वाराणसी स्टेशन में गजब हो गया- महाकुंभ स्पेशल ट्रेन के इंजन में ही घुस गए यात्री, ट्रेन रुकी



नई दिल्ली. (आरएनएस)। वाराणसी कैंट रेलवे स्टेशन से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया हैं. जहां, महाकुंभ स्पेशल ट्रेन के इंजन पर ही यात्रियों ने कब्जा कर लिया. इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है.

दरअसल, प्लेटफार्म नंबर-2 पर प्रयागराज जाने वाली महाकुंभ स्पेशल ट्रेन खड़ी थी. ट्रेन में पहले से ही भरी भीड़ थी, लेकिन जब यात्रियों को सीटें नहीं मिलीं, तो कुछ लोग ट्रेन के इंजन में ही चढ़ गए. जब ट्रेन के लोको पायलट ने अपनी केबिन में जाने की कोशिश की, तो यात्रियों ने दरवाजा तक खोलने से इनकार कर दिया.

स्थिति बिगड़ती देख रेलवे प्रशासन ने तुरंत रेलवे सुरक्षा बल को बुलाया. जवानों ने यात्रियों को समझाने की कोशिश की, लेकिन भीड़ टस से मस नहीं हुई. आखिरकार, जवानों को बल प्रयोग करना पड़ा और यात्रियों को एक-एक कर इंजन से नीचे उतारा गया. इस दौरान कुछ यात्रियों ने विरोध भी किया, लेकिन सुरक्षा बलों ने सख्ती दिखाते हुए इंजन को खाली कराया. इसके बाद लोको पायलट रेल इंजन की कमान संभाली और तब कहीं जाकर ट्रेन आगे बढ़ पाई.

सोनकच्छ के ग्राम पीपलरावां में होगा मुख्य कार्यक्रम

### मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव आज लाड़ली बहनों के खातों में डाले जाएंगे 1,553 करोड़ रुपये, 81 लाख किसानों को भी तोहफा



भोपाल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव सोमवार को देवास जिले की सोनकच्छ तहसील के ग्राम पीपलरावां में एक करोड़ 27 लाख लाड़ली बहनों के खातों में 1,553 करोड़ रुपये अंतरित करेंगे।

**81 लाख हितग्राही किसानों को 1,624 करोड़**

इसी तरह सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के 56 लाख हितग्राहियों के खाते में 337 करोड़ रुपये और किसान कल्याण योजना में 81 लाख हितग्राही किसानों के खाते में 1,624 करोड़ रुपये सिंगल क्लिक के माध्यम से जमा कराए जाएंगे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव एक करोड़ 27 लाख लाड़ली बहनों के खातों में 1553 करोड़ रुपये अंतरित करेंगे।

सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के 56 लाख हितग्राहियों के खाते में 337 करोड़ रुपये और किसान कल्याण योजना में 81 लाख हितग्राही किसानों के खाते में 1624 करोड़ रुपये अंतरित की जायेगी।

**144 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण-शिलान्यास**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव कार्यक्रम में 144 करोड़ के 53 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास भी करेंगे। इसमें 102 करोड़ रुपये के 37 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं 42 करोड़ रुपये के 16 विकास कार्यों का शिलान्यास शामिल हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव विभिन्न शासकीय योजनाओं में हितग्राहियों को हितलाभ वितरण भी करेंगे।

### कांग्रेस की धमकी से डरे मणिपुर सीएम बीरेन सिंह? राज्यपाल को सौंपा इस्तीफा



मणिपुर-(आरएनएस)। मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने अपने पद से इस्तीफ़ा दे दिया है। उन्होंने रविवार को इंफाल में राज्यपाल अजय कुमार भल्ला से मुलाकात की और उन्हें अपना इस्तीफा सौंप दिया। खबरों के मुताबिक, बीरेन सिंह के इस्तीफ़े के पीछे की वजह कांग्रेस द्वारा अविश्वास प्रस्ताव लाने की धमकी बताई जा रही है। कहा जा रहा है कि सिंह के नेतृत्व से नाखुश बीजेपी विधायक अविश्वास प्रस्ताव में कांग्रेस का साथ देने वाले थे। सिंह के इस्तीफे से पहले, मुख्यमंत्री की स्पष्ट मंजूरी के बिना पहाड़ी जिलों में प्रमुख प्रशासनिक बदलाव किए गए। सुबह सिंह ने नई दिल्ली में गृह मंत्री अमित शाह और केंद्रीय मंत्री जे पी नड्डा से मुलाकात की। सूत्रों के अनुसार, सिंह पार्टी के अंदर और बाहर से दबाव का सामना कर रहे थे।

### एसडीएम ने कांग्रेस एमएलए के घर में घुसकर की मारपीट, मां को धक्का देकर गिराया

ग्रामीणों की भीड़ देखकर अधिकारी ने हाथ जोड़कर माफी मांगी



मंडला- (आरएनएस)। मंडला स्थित ग्राम खम्तरा थानाक्षेत्र घुघरी में आज उस वक्त बवाल मच गया, जब एक ट्रेनी द्भस् अधिकारी ने कांग्रेस विधायक के घर में घुसकर मारपीट कर दी. इस बीच मां आई तो उन्हे धक्का दे दिया, भाई को कॉलर पकड़कर दूर कर दिया. इस घटना के बाद गांव के लोग आक्रोशित हो गए, जिन्होने स्ष्ठरू का घेराव कर विरोध शुरु कर दिया. जिसपर अधिकारी ने हाथ जोड़कर माफी मांग ली. बताया जाता है कि बिछिया से कांग्रेस स्रूरु नारायणसिंह पट्टा ने आरोप लगाया है कि आज स्ष्ठरू आकिब खान उनके घर में अनाधिकृत रुप से घुसे और उनके भाई के साथ मारपीट की. यहां तक कि जब स्ष्ठरूखान को भाई के साथ मारपीट करते देख मां बीच बचाव करने के लिए आई तो उन्हे भी धक्का दे दिया, जिससे वे गिर गई. जब विधायक के भाई राजा मौके पर पहुंचे तो उनकी भी कॉलर पकड़कर अभद्रता की गई. स्ष्ठरू श्री खान द्वारा की गई. मारपीट की खबर गांव में आग की तरह फैल गई, देखते ही देखते सैकड़ों ग्रामीणजन एकत्र हो गए, जिन्होने स्ष्ठरूव उनके स्टाफ को घेरकर विरोध शुरु कर दिया, माहौल बिगड़ते देख घुघरी थानाप्रभारी पूजा बघेल बल के साथ मौके पर पहुंच गई, जिन्होने ग्रामीणों से चर्चा कर मामले को शांत करने की कोशिश की लेकिन माहौल जब नहीं सम्हला तो स्ष्ठरू खान को सार्वजनिक रुप से हाथ जोड़कर माफी मांगना पड़ी, उन्होने कहा कि कार्यवाही को लेकर गलतफहमी हो गई थी. इधर जेसीबी चालक अजीत धुर्वे ने घुघरी थाना में एसडीएम के खिलाफ शिकायत की है, जिसमें गाली गलौज, मारपीट व धमकी देने के आरोप लगाए गए है. इस घटना के बाद आज गांव में तनाव का माहौल बना रहा, यहां तक कि ग्रामीणजन एकत्र रहे.

### छत्तीसगढ़ में मुठभेड़ में 31 नक्सली मारे गए 2 जवान शहीद, 2 गंभीर



बीजापुर(आरएनएस)। छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र सीमा पर मुठभेड़ में 1000 से ज्यादा जवानों ने 31 नक्सलियों को मार गिराया है। मुठभेड़ में 2 जवान शहीद हो गए और 2 घायल हैं। जवानों ने 12 नक्सलियों के शव बरामद कर लिए हैं। मृत नक्सलियों की पहचान की जा रही है। बीजापुर के नेशनल पार्क इलाके में सर्चिंग जारी है। वही बीजापुर स्क्कजितेंद्र यादव ने कहा कि मारे गए नक्सलियों की संख्या बढ़ रही है, इसलिए अभी स्पष्ट नहीं बता पाएंगे कि कितना है। ये जरूर है कि बड़ा ऑपरेशन है। सफलता बड़ी मिली है। बड़ी संख्या में हथियार और विस्फोटक भी बरामद किए गए हैं। इसके अलावा दोनों घायल जवानों की हालत खतरे से बाहर है। उन्हें हायर सेंटर में बेहतर इलाज के लिए भेजा जाएगाद्य इसके साथ ही अतिरिक्त बल को बैकअप के लिए भेजा गया है। बताया जा रहा है संख्या अभी और बढ़ सकती है। जानकारी के मुताबिक, बीजापुर जिले में महाराष्ट्र सीमा से लगे नेशनल पार्क इलाके में डीआरजी, एसटीएफ व बस्तर फाइटर के जवानों की संयुक्त टीम के साथ नक्सलियों की बड़ी मुठभेड़ हुई है. इस मुठभेड़ में जवानों ने 31 से ज्यादा नक्सलियों को ढेर कर दिया है. यह मुठभेड़ छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले से लगी महाराष्ट्र सीमा पर नेशनल पार्क इलाके में सुबह से जारी है.

**भारी मात्रा में हथियार बरामद**

नेशनल पार्क मुठभेड़ में अब तक 31 वर्दीधारी नक्सलियों के शव बरामद किए गए है. मुठभेड़ स्थल से भारी मात्रा में हथियार व विस्फोटक पदार्थ बरामद हुआ. मृत नक्सलियों की पहचान की जा रही है. वहीं मुठभेड़ में दोनो घायल जवान की हालत खतरे से बाहर है और उसे हायर सेंटर में बेहतर इलाज के लिए रिफर कर दिया

### दिल्ली में आप की करारी हार के बाद आतिशी ने छोड़ा सीएम पद, उपराज्यपाल को सौंपा इस्तीफा



नई दिल्ली.(आरएनएस)। दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 में आम आदमी पार्टी को मिली करारी हार के बाद मुख्यमंत्री आतिशी मार्लेना ने रविवार को उपराज्यपाल वीके को अपना इस्तीफा सौंप दिया है. आतिशी दिल्ली की तीसरी महिला मुख्यमंत्री बनीं थीं. उनसे पहले भाजपा की दिवंगत नेता सुषमा स्वराज और 15 साल तक दिल्ली पर शासन करने वाली कांग्रेस की दिवंगत नेता शीला दीक्षित भी दिल्ली की मुख्यमंत्री रह चुकी हैं. गौर हो कि शनिवार को आए दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजों में 70 में से 48 सीटों पर भाजपा ने जीत हासिल की थी. वहीं, आप को 22 सीटें ही मिली हैं, जबकि कांग्रेस लगातार तीसरी बार अपना खाता नहीं खोल सकी. दिल्ली में भाजपा के शानदार प्रदर्शन के बीच अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया सहित आम आदमी पार्टी के कई बड़े नेताओं को हार का सामना करना पड़ा,



जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना प्रभारी मझोली जय प्रकाश द्विवेदी ने बताया कि रात्रि मे मुखबिर से सूचना मिली कि मझौली बस स्टेण्ड यात्री प्रतीक्षालय में कुछ जुआरी ताश पत्तों पर रूपये की हारजीत का दाव लगाकर जुआ खेल रहे हैं सूचना पर मुखबिर के बताये स्थान पर दबिश दी देते हुये जुआरी आकाश साहू निवासी वार्ड नम्बर 2 मझौली, दिलीप झारिया निवासी वार्ड नम्बर 13 मझौली, विवेक सोनी निवासी वार्ड नम्बर 7 मझौली, महेन्द्र झारिया निवासी वार्ड नम्बर 14 मझौली को ताश पत्तों पर रूपयों की हारजीत का दाव लगाकर जुआ मन्ना खेलते पकड़ा गया जुआरियों के पास एवं फड़ से ताश के 52 पत्ते एवं 7 हजार 450 रूपये जप्त करते हुये

# संगठन के कार्यों का निष्पादन करना सामूहिक जिम्मेदारी - राकेश सिंह

## भाजपा जबलपुर महानगर की जिला बैठक को वरिष्ठ नेताओं ने किया संबोधित







जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। भारतीय जनता पार्टी द्वार संगठन के जो कार्य बताए गए है उन्हे पूरी जिम्मेदारी से करना ही अपना कार्यकर्ता भाव प्रकट करना होता है, और पार्टी के कार्यक्रमों को पूरा करने का दायित्व सभी का है क्योंकि संगठन के कार्यों का निष्पादन करना सामूहिक जिम्मेदारी होती है, यह बात लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह ने भाजपा जबलपुर महानगर की जिला बैठक में रानीताल स्थित संभागीय कार्यालय में कही।

भाजपा कार्यालय में आयोजित बैठक लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह, सांसद श्री आशीष दुबे, नगर अध्यक्ष श्री रत्नेश सोनकर, प्रदेश कोषाध्यक्ष श्री अखिलेश जैन, महापौर श्री जगतबहादुर सिंह अन्नू तैलघानी बोर्ड अध्यक्ष श्री रविकिरण साहू, नगर निगम अध्यक्ष श्री रिकुंज विज की उपस्थिति में आयोजित की गई जिसमे पार्टी के आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी गई।

बैठक को संबोधित करते हुए लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह ने कहा भाजपा लोकतांत्रिक परंपरा के अनुसार संगठन पर्व जिले स्तर तक पूरा हुआ और देश ही नहीं दुनिया में एक मात्र पार्टी है जो अपने संगठन के निर्वाचन की प्रक्रिया तक को पर्व के रूप मानती है। छोटे छोटे चुनाव में दूसरे दलों में हमे देखने मिलता है कि मनमुटाव और मारपीट तक की नौबत आ जाती है पर हमारे यहां बूथ से लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष तक का निर्वाचन सहजता से प्रसन्नता के साथ हो जाता है। उन्होंने कहा पद अस्थाई होते है किंतु कार्यकर्ता का भाव जीवन भर होता है। कार्यकर्ता का मतलब केवल सड़क पर झंडा उठाकर चलने वाला व्यक्ति नही अपितु किसी भी स्थिति में दिए गए कार्य को, दायित्व को निष्ठा से करने वाला कार्यकर्ता होता है। कार्यकर्ता शब्द अपने आप के पवित्र शब्द है और इसकी पवित्रता का भाव सिर्फ भाजपा में आता है। भाजपा ही एक मात्र पार्टी है जहां देश के प्रधानमंत्री भी गर्व से कहते है कि भाजपा का कार्यकर्ता हूं। संगठन पर्व होता है, नए दायित्वों का पुन: नियोजन करने के लिए।

कार्यकर्ता के लिए कार्य से बढ़कर, कार्यकर्ता का भाव है और यह भाव जब तक विद्यमान होता है उसका लाभ हमे संगठन को और समाज को मिलता है। उन्होंने कहा हमारा नेतृत्व जिन कार्यक्रमों की रचना करता है उसके पीछे देश और समाज हित ही होता है। और इसीलिए भाजपा ही एकमात्र दल है जिसके लिए भारतमता पहले, जन्म देने वाली मां बाद में और अंतिम में पार्टी आती है। कार्यकर्ता का आज सबसे महत्पूर्ण कार्य हैं कि हमारे नेतृत्व द्वारा लिए गए फैसलों और कार्यों का प्रचार प्रसार लोगो के बीच माउथ पब्लिसिटी से करना है। कार्यकर्ताओ को इस भूमिका में आना होगा क्योंकि हम अपने जनप्रतिनिधि और नेतृत्व के कार्यों का बखान करते है तो वास्तव में पार्टी का कार्य करते है। यही बात संगठन के सारे कार्यों पर लागू होती है, और इसकी जिम्मेदारी सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। हमारा नेतृत्व 24 में से 18 घंटे कार्य करता है योजना बनाता है तब जाकर सकारात्मक परिणाम मिलता है और सफलता मिलती है दिल्ली इसका उदाहरण है।

सांसद श्री आशीष दुबे ने बैठक को संबोधित करते हुए दिल्ली की एतिहासिक विजय की शुभकामनाएं देते हुए कहा भाजपा का मूल कार्यकर्ता है और संगठन पर्व में बूथ, मंडल और जिले के निर्वाचन के बाद अब जिस काम के लिए हमे आदेशित किया जाएगा हम अपनी अपनी भूमिका का निष्ठा के साथ निर्वहन करेंगे और केन्द्र और प्रदेश के निर्देशों का पालन करते दी गई जिम्मेदारी और कार्यों को पूरा करेंगे।

महापौर श्री जगतबदाहुर सिंह अन्नू ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा केंद्रीय और प्रदेश नेतृत्व ने आगामी कार्यक्रमों को लेकर जो जबाबदारी दी है उसे हम सभी मिलकर नव निर्वाचित अध्यक्ष के साथ मिलकर पूरा करने का प्रयास करेंगे।

भाजपा नगर अध्यक्ष श्री रत्नेश सोनकर ने बैठक में आगामी कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया भारतीय जनता पार्टी निरंतर कार्य करने वाला राजनैतिक दल है जो समाज क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करता है साथ ही संगठन की गतिविधियों के माध्यम से कार्यकर्ताओ में ऊर्जा भरने का कार्य हमारा नेतृत्व करता है उसी क्रम में केंद्रीय और प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर आगामी दिनों में चार प्रमुख कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना है जिनसे आगामी 10 फरवरी को शहर के विद्यालयों में प्रधानमंत्री जी के मोटिवेशनल कार्यक्रम परीक्षा पर चर्चा का आयोजन किया जाएगा। आगामी 11 फरवरी को पं दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि के अवसर पर आजीवन सहयोग निधि समर्पण कार्यक्रम, भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई जी के जन्मशताब्दी वर्ष पर आयोजन और केंद्रीय बजट पर प्रबुध्जन सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।

श्री सोनकर ने कहा प्रदेश नेतृत्व की मंशा अनुरूप कार्यक्रमों में सभी कार्यकर्ताओ की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी और सभी दिए गए कार्य को पूरी जिम्मेदारी से करेंगे ऐसा संगठन का आग्रह है। बैठक में पूर्व महापौर श्री सदानंद गोड़बोले, श्रीमती स्वाति गोडबोलेवरिष्ठ नेता राजकुमार मेहता, राममूर्ति मिश्रा, महिला मोर्चा प्रदेश महामंत्री श्रीमती अश्वनी परांजपे, जिला महामंत्री पंकज दुबे, रजनीश यादव, संदीप जैन, सुषमा जैन, अशोक सिंघई, अभय सिंह ठाकुर, राजेश मिश्रा, कैलाश साहू, जय सचदेवा, अंजू भार्गव, तृष्णा चटर्जी, हर्षित सिंघई रंजीत पटेल, प्रणीत वर्मा, कुंडल राव, संतोषी ठाकुर, डिंपी विश्वकर्मा, कमलेश राजन, मालती चौधरी, कमलेश अग्रवाल, प्रशांत केसरवानी, रविंद्र पचौरी, संजय नहातकर, सिद्धार्थ शुक्ला, संजय यादव, योगेंद्र सिंह, शिवा चौधरी, रूपा राव, श्रीकांत साहू, रवि शर्मा, अमर मिश्रा, उज्ज्वल पचौरी, मोनू चौहान, पंकज श्रीवास्तव, राजेन्द्र सिंह के साथ मंडल अध्यक्ष, पार्षद, मंडल महामंत्री उपस्थित थे।

# अखिल भारतीय दशा नेमा वणिक समाज की केंद्रीय कार्यकारिणी सह सामान्य सभाकी बैठक एवं अ भा युवक युवती परिचय ससम्मेलन संपन्न



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। राजस्थान के बांसवाड़ा में अखिल भारतीय दशा नेमा वनिक समाज की कार्यकारिणी बैठक सामान्य सभा एवं अखिल भारतीय युवक युवती परिचय सम्मेलन डॉ पुरुषोत्तम नेमा राष्ट्रीय अध्यक्ष की अध्यक्षता में सानंद संपन्न हुआ ।बैठक में मध्य प्रदेश महाकौशल मालवा राजस्थान महाराष्ट्र गुजरात एवं मुंबई के प्रतिनिधियों ने भाग लिया बैठक में मध्य प्रदेश महाकौशल की ओर से राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर पुरुषोत्तम नेमा जबलपुर महाकौशल के अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील नेमा जबलपुर राष्ट्रीय महासचिव राकेश नेमा जबलपुर कोषाध्यक्ष आनंद नेमा जबलपुर राष्ट्रीय प्रचार प्रसार सचिव प्रभु नारायण नेमा छिंदवाड़ा सह प्रचार-प्रसार सचिव दिनेश नेमा अमरवाड़ा एवं कार्यकारणी सदस्य सर्व श्री सुरेश नेमा करेली कैलाश नेमा नरसिंहपुर अरविंद नेमा छिंदवाड़ा एवं शैलेंद्र नेमा छिंदवाड़ा ने भाग लिया प्रथम दिवस सभी पदाधिकारियों का स्वागत किया गया बैठक में सभी पदाधिकारियों ने समाज संगठन को मजबूत बनाए जाने एवं गतिविधियों के सक्रिय संचालन के परिवेश में अपने अपने विचार व्यक्त किए दूसरे दिन युवक युवती परिचय सम्मेलन आरंभ होने से पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ पुरुषोत्तम नेमा जबलपुर का भव्य स्वागत और सम्मान राजस्थान प्रदेश के पदाधिकारियों द्वारा किया गया इस अवसर पर परिचय पुस्तिका का लोकार्पण हुआ युवक युवती परिचय सम्मेलन में 170 युवक युवतियों ने अपने बायोडाटा प्रेषित किया उनमें से 111 बच्चों ने अपनी उपस्थिति देकर समारोह की गरिमा को बढ़ाया राजस्थान प्रदेश के अध्यक्ष श्री निमेष मेहता बांसवाड़ा सचिव श्री सुबोध मलोट बांसवाड़ा राष्ट्रीय सह सचिव श्री विनोद शाह राजस्थान के सभी पदाधिकारी एवं समाज जनों द्वारा कार्यक्रम के सफल आयोजन मैं अत्यधिक मेहनत करके आयोजन को सफल बनाया जिसकी सभी प्रदेशों से आए प्रतिनिधियों द्वारा मुक्त कंठ से प्रशंसा की गई इसके लिए आयोजकों का सभी ने आभार व्यक्त किया

# त्रिभुवनदास मालपाणी विद्यालय का विदाई समारोह



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। श्री त्रिभुवनदास मालपाणी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, मिलौनीगंज में वार्षिक कार्यक्रम के अंतर्गत विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य राजकुमार मिश्रा एवं संस्था के निर्देशक डॉ. राजेंद्र कुमार दुबे की उपस्थिति में, माता सरस्वती के पूजन और दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं, जिनमें राजस्थानी नृत्य, लेजी डांस, मोटिवेशनल डांस आदि की शानदार प्रस्तुति शामिल रही। कक्षा ग्यारहवीं के छात्र-छात्राओं ने कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों का सम्मान किया और उनके उज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का संचालन सत्येंद्र दास गुरु एवं पूजा सिंह ने किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों का समन्वय विद्यालय परिवार की शिक्षिकाओं शुभांगी अग्रवाल, शैली साहू, ऋचा जैन, विनीता विश्वकर्मा, मनीषा ठाकुर, शिल्पा तिवारी, प्रीति धूसिया, सुधा तिवारी, पुष्पलता चौहान, कुसुम मसीह आदि ने किया। संस्था के शिक्षक श्री आबिद हुसैन खान ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षकों ललित शराफ, आशीष नेमा, आशीष चौबे, विकास राजपूत, विवेक व्यास आदि का विशेष योगदान रहा।

## 6000 से अधिक नारी शक्तियों की अलख से ऊर्जा के साड़ी वॉकथॉन 2.0 के भव्य आयोजन ने भरा मातृशक्तियों में उल्लास

# भारतीय संस्कृति एवं परिधान को बढ़ावा देने तथा महिला सशक्तिकरण करना प्रमुख उद्देश्य -टीम ऊर्जा

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। महिलाओं के विकास और चेतना के प्रतीक ऊर्जा संगठन द्वारा संस्कारधानी में द्वितीय साड़ी वॉकथॉन 2.0 का आयोजन किया गया। ऊर्जा की अध्यक्ष श्रीमति अर्चना दीक्षित ने बताया कि इस कार्यक्रम की तैयारी दो माह पूर्व से की जाती है, इस वर्ष 6000 से अधिक महिलाओं ने पंजीयन कराया था। टीम ऊर्जा ने बताया कि भारतीय संस्कृति एवं परिधान को बढ़ावा देने तथा महिला सशक्तिकरण करना प्रमुख उद्देश्य है।

कार्यक्रम की शुरुआत में महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू एवं यामिनी अन्नू सिंह ने मातृशक्तियों से खचाखच भरे भंवरताल गार्डन में महिलाओं को स्वच्छता का संकल्प दिलाया उन्होंने कहा कि परिवार में संस्कारों का वीजारोपण नारी शक्ति द्वारा ही किया जाता है। यह कार्यक्रम पूर्णरूपेण महिलाओं के द्वारा महिलाओं के लिए आयोजित कार्यक्रम है। इसलिए यह अत्यंत महत्वपूर्ण है, और महिलाओं की जागरूकता का प्रतीक है। भंवरताल गार्डन में प्रात: 6ः00 बजे से साड़ी पहन कर विधिक वेशभूषा में महिलाओं का आगमन शुरू हो गया था। भंवरताल गार्डन में उमंग और उल्लास चरम पर था। वहां से पैदल मार्च करते हुए महिलाएं रसल चौक से राजीव गांधी चौक, करमचंद चौक, मालवीय चौक से होते हुए वापस भंवरताल गार्डन पहुंचे एवं 2 किलोमीटर की यात्रा की। कार्यक्रम में वेशभूषा के आधार पर ऊर्जावान महिला, पारंपरिक वेशभूषा और समाज के संदेश देने वाली महिलाओं को पुरस्कृत किया गया। महिलाओं के कुछ ग्रुप वृक्षारोपण का संदेश दे रहे थे, तो वही ग्लोबल वार्मिंग जैसे विषयों में भी जागरूकता लाने वाले संदेश थे। कुछ समूहों ने साध्वी वेश धारण कर सनातन संस्कृति का परचम फहराया। पूर्ण अनुशासन में रहकर सफल कार्यक्रम करके महिलाओं ने संस्कारधानी को बड़ा संदेश दिया। प्रत्येक प्रतिभागी को टीम ऊर्जा के द्वारा सर्टिफिकेट एवं अनेक फूड प्रोडक्ट के साथ डिस्काउंट कूपन का गुडी बैग भी दिया गया।कार्यक्रम में विषेस सहयोग एम. आर. कोठारी, योद्धा, डी कैथलॉन, होटल कदम्ब ट्री, समदड़िया बिल्डर्स, अतरंगी एंटरटेनमेंट, मेडीनीड नेक्स्ट, खटवानी सुजुकी, माँ गायत्री, मूवी मैजिक, एनीटाइम फिटनेस, फॉन द फ्री लैंस सलून, न्यूट्रीफिट, जबलपुर सोशल, आई नेक्स्ट मोबाइल, सोनिया बड़ेरिया, रेड स्न्रू93.5, टियो रैन सोलर ने किया। कार्यक्रम में टीम ऊर्जा से श्रीमति अर्चना दीक्षित, काजल तलरेजा, पारुल अग्रवाल, दिव्या दिवाकर, पल्लवी पाठक, सुरभि मिश्रा, प्रीति पसरीचा, राशि जैन, आरती दुबे आदि उपस्तिथ रहीं।

महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू एवं यामिनी %अन्नू% सिंह ने इस बड़े संदेश के साथ ऐतिहासिक आयोजन के लिए टीम ऊर्जा को बहुत बधाई दी एवं सभी प्रतिभागी का साधुबाद किया।

# कचहरी वाले बाबा र.अ. हाइकोर्ट के सामने महफिले ए शमा कव्वाली का प्रोग्राम सम्पन्न हुआ



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। जश्ने ख्वाजा गरीब नवाज के मौके पर कौमी एकता मदार कमेटी मुजावर शिब्बू बाबा मदारी, गोलू बाबा मदारी की जानिब से दरगाह शरीफ कचहरी वाले बाबा र.अ. हाइकोर्ट के सामने महफिले ए शमा कव्वाली का प्रोग्राम सम्पन्न हुआ, जिसमें सरपरस्ती सज्जादानशीन चंगेज़ खान अशरफी बाबा साहब, मुत्तवल्ली सैयद कादिर अली बाबा साहब, बाबा खलील शाह इंजी. साहब की मौजूदगी में हुई, जिसमें सुलेमान बाबा, सूफी रफीक बाबा, शौकत अली, जाविद बाबा मदारी, अन्नू बाबा मदारी, फैज अली मदारी, इमरान मदारी, शित्तू बाबा, घनश्याम बाबा, सूरज बाबा, सचिन दुबे, मुन्ना रावत, समीर, विवेक, जितेंद्र सिंह, गुड्डा साहू, शिवम बारी एवं समस्त बेड़े वाले उपस्थित हुए!

# भोपाल में आयोजित हुई एमपी ट्रांसको की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताएं





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। विद्युत पारेषण व्यवस्था में व्यस्त एमपी ट्रांसको के कार्मिकों में अन्वेषण ,सहनशक्ति, सहिष्णुता और सहयोग की भावना प्रगाढ़ करने के उद्देश्य से एमपी ट्रांसको में वार्षिक खेलकूद आयोजनों के अंतर्गत राजधानी भोपाल में विगत दिवस विभिन्न खेलों की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई।

प्रतियोगिता के समापन पर एमपी ट्रांसको के प्रबंध संचालक इंजीनियर सुनील तिवारी ने विजेताओं को पुरस्कार वितरित किये।

अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि 24 ङ्ग 7 विद्युत पारेषण व्यवस्था में व्यस्त हमारे कार्मिकों के लिए यह प्रतियोगिता टानिक के समान है जो कार्मिकों में अतिरिक्त ऊर्जा, उमंग और उत्साह पैदा कर उनमें नेतृत्व क्षमता का विकास करता है जो उनकी कार्यप्रणाली में स्पष्ट दृष्टिगोचर हो रहा है।

गोविंदपुरा परिसर में आयोजित इस प्रतियोगिता में क्रिकेट, कबड्डी, रस्साकसी, टेबल टेनिस, बैडमिंटन तथा शतरंज खेलों का आयोजन हुआ।

इस प्रतियोगिता को संपन्न कराने में मुख्य अभियंता श्री प्रवीण गार्गव, अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री आर सी शर्मा, श्री राजेश शांडिल्य के साथ श्री प्रदीप राघव, श्री अतुल नाबर तथा जबलपुर के अभियंता श्री सुरेश त्रिवेदी एवं श्री इकबाल खान का विशेष सहयोग रहा।

प्रतियोगिता में भोपाल के साथ ही आष्टा, कुरावर, पीलूखेड़ी, सीहोर, नर्मदापुरम, बैतूल, बरेली, इटारसी, ईंटखेड़ी इत्यादि स्थान से ट्रांसको कार्मिकों द्वारा भाग लिया गया।

**ये रहे परिणाम**

पुरुष क्रिकेट में वॉरियर्स टीम विजेता, टाइटंस टीम उपविजेता पुरुष कबड्डी में टाइटंस टीम विजेता, वॉरियर्स टीम उपविजेता रहे।

महिला रस्साकसी में वारियर्स टीम विजेता तथा टाइटंस टीम उपविजेता रही, पुरुष रस्साकसी में टाइटंस टीम विजेता तथा वारियर्स टीम उपविजेता, पुरुष बैडमिंटन में टाइटंस टीम विजेता तथा वॉरियर्स टीम उपविजेता रही,

महिला बैडमिंटन में टाइटंस टीम विजेता तथा वॉरियर्स टीम उपविजेता रही, पुरुष टेबल टेनिस में वारियर्स टीम विजेता तथा टाइटंस टीम उपविजेता रही


**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./04/कछपुरा 2024 / एम./ Q 378 दिनांक 09.02.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि **1. श्री अकलंक जैन, पिता- श्री अशोक जैन, 2. श्री आदित्य जैन, पति- श्री अशोक जैन** ने मकान नं. ए-12, स्टार पार्क, सम्पत्ति पिन नं. 1003970939 **वार्ड विवेकानंद -21 वार्ड ,** क्षेत्रफल 1083 व.फु., भूतल 600 व.फु., प्रथमतल 600 व.फु. द्वितीयतल 300 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-2 कछपुरा नगर निगम जबलपुर**



भोपाल -भारत का इतिहास गौरवशाली, शौर्य और ज्ञान से समृद्ध रहा है। सम्राट विक्रमादित्य और राजा भोज की दूरदर्शितापूर्ण नीतियां, प्रबंधन और पुरुषार्थ भारत के गौरवशाली इतिहास को परिलक्षित करते हैं। उन महापुरुषों के कालखंड में नैतिक सत्ता हुआ करती थी। भारतीय इतिहास में परमार वंश की व्यापक प्रतिष्ठा थी। काल के प्रवाह में प्रतिष्ठा को विलोपित करने का षड्यंत्र रचा गया। समाज की प्रतिष्ठा को पुन: विश्वमंच पर स्थापित करने के लिए सामाजिक चेतना के स्वाभिमान के साथ जागरण की आवश्यकता है।



आचार्य शंकर ने भारत को एकता के सूत्र में पिरोया- भगवान शंकराचार्य हमारी संस्कृति के प्राण हैं- स्वामी गोविन्ददेव गिरि

# आचार्य शंकर ने सनातन धर्म और सांस्कृतिक एकता के लिए जो कार्य किया, वह सदैव पूजनीय रहेगा- मुख्यमंत्री डॉ. यादव

भोपाल (आरएनएस) आचार्य शंकर सांस्कृतिक एकता न्यास, संस्कृति विभाग मध्यप्रदेश शासन द्वारा अद्वैत वेदान्त दर्शन के लोकव्यापीकरण एवं सार्वभौमिक एकात्मता की संकल्पना के उद्देश्य से महाकुम्भ क्षेत्र के सेक्टर 18 में स्थापित एकात्म धाम मंडपम्, हरीशचंद्र मार्ग में आचार्य शंकर के जीवन दर्शन पर केंद्रित 'शंकरो लोकशंकर-' कथा का शुभारंभ शनिवार को मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, श्री योगा नन्देश्वर मठ मैसूर के मठाधिपति श्री शंकर भारती महास्वामी की उपस्थिति में राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के कोषाध्यक्ष, गीता परिवार के संस्थापक स्वामी गोविन्ददेव गिरि महाराज के मुखारविंद से हुआ। ज्ञात हो कि कथा का आयोजन 12 फरवरी तक प्रतिदिन शाम 04 बजे से होगा।



मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आचार्य शंकर के योगदान और अद्वैत वेदांत पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने कहा आदि शंकराचार्य का योगदान केवल उनके समय के लिए ही नहीं, बल्कि वर्तमान और भविष्य के लिए भी अत्यंत प्रासंगिक है। सनातन धर्म के संबंध में आज उनकी शिक्षाओं और सिद्धांतों की उपयोगिता जितनी स्पष्ट है, उस काल में इसकी कल्पना भी कठिन रही होगी। उनके कार्य अद्भुत और अद्वितीय हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आचार्य शंकर द्वारा सनातन धर्म और सांस्कृतिक एकता के लिए किए गए कार्यों से न केवल धर्म के मूलभूत सिद्धांत पुनर्स्थापित हुए, बल्कि भारत को एकता के सूत्र में पिरोने का अद्भुत कार्य भी हुआ।

आदि शंकराचार्य के कार्य और विचार आज भी चराचर जगत में पूजनीय हैं और अनंतकाल तक रहेंगे। मध्यप्रदेश शासन की प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हुए कहा, मध्यप्रदेश सरकार इस प्रकल्प के पुनर्जीवन और विस्तार के लिए सदैव साथ है। आचार्य शंकर की इस स्वर्णिम विरासत को आगे बढ़ाना हमारा कर्तव्य है। भारत की कथा उन्नत आकाश की तरह लगातार गूंजती जा रही है, और आचार्य शंकर का योगदान इस कथा को सदैव नई ऊंचाइयों तक पहुंचाता रहेगा।

राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के कोषाध्यक्ष श्री गोविंददेव गिरि ने आद्य शंकराचार्य के जीवन पर आधारित पाँच दिवसीय कथा 'शंकरो लोकशंकर-' के शुभारंभ अवसर पर एकात्म धाम परियोजना की सराहना करते हुए कहा, बदलते भारत के पिछले 10 वर्षों में जितने भी प्रयोग हुए हैं, उनमें सर्वश्रेष्ठ प्रयोग मध्यप्रदेश शासन ने एकात्म धाम का निर्माण करके किया है। श्री गिरि ने कहा, ऐसी विकट परिस्थितियों में इस प्रकार का कार्य केवल मध्यप्रदेश सरकार ही कर सकती है। ओंकारेश्वर की पवित्र भूमि अद्वैत के सिद्धांतों और भारत की सांस्कृतिक चेतना का साक्षात्कार कराती है। आचार्य शंकर के साहित्य और उनके योगदान की महत्ता पर जोर देते हुए उन्होंने कहा, राष्ट्र के चैतन्य को जाग्रत करने के लिए यदि कोई सर्वश्रेष्ठ साहित्य है, तो वह आद्य शंकराचार्य का है। उनके विचार, उनकी शिक्षाएँ और उनकी अद्वैत वेदांत की परिकल्पना हमारे राष्ट्र को नई दिशा देने में सक्षम हैं।

एकात्म धाम हमारी संस्कृति का दीप स्तंभ है, जो आने वाली पीढ़ियों को मार्गदर्शन और प्रेरणा प्रदान करेगा। भगवान आद्य शंकराचार्य हमारी संस्कृति के प्राण हैं और उनके विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं जितने उनके समय में थे। उन्होंने कथा के प्रथम दिवस पर आचार्य शंकर द्वारा बाल्यकाल के दौरान माता लक्ष्मी की महिमा में कनकधारा स्तोत्र की रचना, पूर्णा नदी में संन्यास लेना व माता आर्यम्बा के प्रति आचार्य शंकर के करुणा भाव आदि वृत्तांतों का उल्लेख किया। इस अवसर पर साधु संतो सहित बड़ी संख्या में श्रोता उपस्थित रहे।

# सभी सेक्टर को एक साथ जोड़ने का माध्यम सहकारिता : सहकारिता मंत्री सारंग

राज्य ऋण संगोष्ठी में हुआ सराहनीय प्रदर्शन करने वाले हितग्राहियों का विशेष सम्मान

भोपाल (आरएनएस)। सहकारिता मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा है कि किसी भी देश के उन्नयन, विकास और जनता के कल्याण के लिये अर्थ-व्यवस्था की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने कहा कि जहाँ व्यक्ति है, वहाँ अर्थ है और जहाँ अर्थ है वहाँ अर्थ-व्यवस्था। विकसित भारत निर्माण की परिकल्पना के लिये अर्थ-व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिये संकल्प के साथ प्लानिंग करनी होगी। सभी अर्थ-व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने के लिये लक्ष्य के साथ अपने-अपने प्रकल्प पर काम कर रहे हैं। सभी सेक्टर को एक साथ जोड़ने का माध्यम सहकारिता है। मंत्री श्री सारंग गुरूवार को कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में राज्य ऋण संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे।

*मध्यप्रदेश की हर पंचायत पर स्थापित होगा पैक्स*

मंत्री श्री सारंग ने कहा कि ऋण देना और समय पर वापस लेना अर्थ-व्यवस्था का महत्वपूर्ण आयाम है। उन्होंने कहा कि एक जैसे सेक्टर के लोग लगातार संवाद करें। समन्वय और परिस्थिति को जांचते हर तीन माह में एक-दूसरे की अपेक्षाओं पर काम करने से और अच्छे परिणाम प्राप्त होंगे। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि सहकारिता का महत्वपूर्ण स्तम्भ संस्कार है। पारदर्शिता और कम्प्यूटराइजेशन के साथ अर्थ-व्यवस्था और रोजगार के अवसर सृजित करने के लिये सुधार आवश्यक है। सहकारिता आन्?दोलन को मजबूत करने के लिये मध्यप्रदेश की हर पंचायत पर पैक्स स्थापित किये जायेंगे।

*अर्थ-व्यवस्था के निर्माण और विकास के लिये मध्यप्रदेश दृढ़ संकल्पित*

मंत्री श्री सारंग ने कहा कि आकांक्षी ब्लॉक में सहकारी आन्?दोलन के माध्यम से नये रोजगार के अवसर सृजित कर उनके सामाजिक आर्थिक विकास के लिये काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नवाचार विंग के माध्यम से नित नये आयाम के द्वार खोले जा रहे हैं। प्रदेश में समितियों का फेडरेशन बनाने की दिशा में काम किया जा रहा है। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि कॉर्पोरेट कल्चर को अपना कर बौद्धिक कुशलता और रोजमर्रा की कार्यप्रणाली पर काम किया जा रहा है। अर्थ-व्यवस्था के निर्माण और विकास के लिये मध्यप्रदेश दृढ़ संकल्पित है। देश को तीसरे नंबर की इकॉनोमी वाला बनाने के लिये मध्यप्रदेश जिम्मेदारी के साथ काम कर रहा है।

मंत्री श्री सारंग ने राज्य फोकस पेपर 2025-26 पुस्तिका और सफल नवाचार की कहानियों पर आधारित नैब-पहलें का विमोचन किया। संगोष्ठी में सहकारी संस्थाओं को नाबार्ड की योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृति-पत्र वितरण और राज्य में सराहनीय प्रदर्शन करने वाले हितग्राहियों का विशेष सम्मान किया गया।

संगोष्ठी को आरबीआई की क्षेत्रीय निदेशक सुश्री रेखा चन्दनवेली, एसबीआई के मुख्य महाप्रबंधक श्री चन्द्रशेखर शर्मा और नाबार्ड की मुख्य महाप्रबंधक सुश्री सी. सरस्वती ने भी विचार व्यक्त किये। इस मौके पर सहकारिता आयुक्त श्री मनोज पुष्प, एस.एल.बी.सी. के डीजीएम श्री प्रमोद मिश्रा उपस्थित थे। संगोष्ठी में राज्य फोकस पेपर 2025-26 पर प्रस्तुतिकरण दिया गया।

# पूरे देश में शिशु और मातृ मृत्यु दर एमपी में सबसे ज्यादा: पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने आंकड़ों के साथ सोशल मीडिया पर उठाए सवाल

भोपाल (आरएनएस)। मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष (पीसीसी चीफ) जीतू पटवारी के निशाने पर स्वास्थ्य महकमा है। प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर जीतू पटवारी ने सवाल उठाए है। शिशु मृत्यु दर और मातृ मृत्यु दर को लेकर निशाना साधते हुए पीसीसी चीफजीतू पटवारी ने आंकड़ों के साथ सोशल मीडिया ङ्ग पर सवाल उठाए हैं। जीतू पटवारी ने देशभर में सबसे ज्यादा शिशु मृत्यु दर और मातृ मृत्यु दर एमपी में होने के आरोप लगाए है। एमपी में डॉक्टर की कमी का भी हवाला दिया है। जीतू पटवारी ने एक्स पर लिखा- बीमार स्वास्थ्य सेवाओं की कुपोषित पटरियों पर दौड़ रहे लाइलाज 'डबल-इंजन' ने सिर्फ एम्स ही नहीं, शेष समध्यप्रदेश के हेल्थ सिस्टम को भी असाध्य रोग का शिकार बना दिया है! जुलाई 2024 में मप्र उच्च न्यायालय में दाखिल जनहित याचिका में बताया जा चुका है ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं, विशेष रूप से महिलाओं और बच्चों की स्वास्थ्य स्थिति बहुत चिंताजनक है! शिशु मृत्यु दर : भारत में जहां शिशु मृत्यु दर 32 प्रति 1000 है, वहीं मप्र में यह 48 प्रति 1000 है! मातृ मृत्यु दर : राष्ट्रीय स्तर पर मातृ मृत्यु दर 113 प्रति एक लाख है, जबकि मप्र में यह 173 प्रति लाख है! गर्भवती महिलाएं : सिर्फ 55त्न ग्रामीण महिलाओं को ही प्रसव पूर्व चार बार जांच की सुविधा मिल पाती है! आयरन फोलिक एसिड : केवल 30त्न महिलाओं को ही प्रसव के समय आयरन फोलिक एसिड दिया जाता है, बाकी 70त्न महिलाएं वंचित रह जाती हैं! खून की कमी : मप्र में 58त्न से अधिक महिलाएं एनीमिया (खून की कमी) से ग्रस्त हैं!

**राज्य सरकार शिल्पियों को कर रही है प्रोत्साहित**

भोपाल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में राज्य सरकार प्रदेश के शिल्पियों को प्रोत्साहित करने एवं बढ़ावा देने के लिए कटिबद्ध है। कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग शिल्पियों एवं हाथकरघा बुनकरों को देश के विभिन्न मेलों और उत्सवों में भागीदारी करने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है। इससे प्रदेश की कला की देश में सराहना हो रही है। प्रदेश के बाग प्रिंट शिल्पियों ने पुणे में आयोजित विरासत हाट मेले में

सामूहिक विवाह कार्यक्रम में दांपत्य सूत्र में बंधे 362 जोड़ों को उप मुख्यमंत्री ने दीं शुभकामनाएं

# गरीब परिवारों के लिए वरदान है मुख्यमंत्री कन्यादान योजना -उप मुख्यमंत्री शुक्ल

भोपाल-(आरएनएस)उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि मुख्यमंत्री कन्यादान योजना गरीब परिवारों के लिए वरदान है। गरीब परिवार की बेटियों की शादी की समस्त जिम्मेदारी सरकार की है, प्रशासन द्वारा सभी व्यवस्थाएं की जाती हैं और धूमधाम से कन्याओं का विवाह/निकाह होता है। रीवा में आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 362 जोड़े दांपत्य सूत्र में बंधे। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने सभी को सुखद दांपत्य जीवन की शुभकामनाएं दीं। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि यह सरकार गरीबों, किसानों, बेटियों और युवाओं की सरकार है। हर वर्ग की भलाई के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं। खाद्यान्न और निन्शुल्क इलाज की सुविधा के साथ ही पक्के आवास तथा हर घर में जल पहुंचाने का कार्य प्राथमिकता से किया जा रहा है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि आज के सामूहिक विवाह कार्यक्रम में प्रदेश सरकार द्वारा 18 लाख रुपए खर्च किए गए हैं तथा प्रत्येक जोड़े को 49 हजार रुपए के मान से लगभग एक करोड़ 75 लाख रुपए बेटियों को दिए जा रहे हैं। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि प्रदेश में मातृ व शिशु मृत्यु दर को कम किए जाने में सभी को सहभागी बनना होगा। सभी लोग नियमित स्वास्थ्य की जाँच कराएं। अल्ट्रा साउंड जाँच कराकर माँ व बच्चे सुरक्षित रहें। उन्होंने अपेक्षा की कि एएनएम और आशा कार्यकर्ता अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करें और हम सभी स्वस्थ रीवा, स्वस्थ मध्यप्रदेश और स्वस्थ देश बनाने में सहभागी बनें। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, अध्यक्ष नगर निगम श्री व्यंकटेश पाण्डेय, स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, नवविवाहित जोड़े और उनके परिजन उपस्थित रहे।




## 10 लाख कर्मचारियों और 4.5 लाख पेंशनरों के लिए गुड न्यूज, सरकार बना रही नए नियम, वित्त विभाग ने प्रारूप किया तैयार

भोपाल (आरएनएस)। मध्य प्रदेश के सरकारी कर्मचारी और पेंशनरों से जुड़ी बड़ी खबर सामने आई है। प्रदेश के 10 लाख से अधिक कर्मचारियों के अवकाश और साढ़े चार लाख पेंशनरों के लिए नए पेंशन नियम लागू होंगे। इसके लिए वित्त विभाग की समिति ने प्रारूप तैयार कर लिया है।

वित्त विभाग के बनाए गए ब्ल्यू प्रिंट को लेकर कल शुक्रवार को बैठक बुलाई गई है। विभाग के प्रमुख सचिव बैठक को लेंगे। जिसमें सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव, संचालक पेंशन और विशेषज्ञ के तौर पर भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण के वित्तीय सलाहकार मिलिंद वाईकर भी शामिल होंगे। 25 साल से अधिक उम्र की अविवाहित पुत्री, विधवा, परित्यक्ता को परिवार पेंशन का लाभ देने का प्रविधान प्रस्तावित है।

नियम में ये प्रविधान भी किया जा सकता है कि वसूली के प्रकरण में पेंशन से राशि उसी सूरत में काटी जा सकती है,

# हिंदुत्व के नाम पर सत्ता, लेकिन गौमाता की सुरक्षा पर चुप्पी क्यों ?-संगीता शर्मा

भोपाल (आरएनएस)। उज्जैन जिले की नंदराज गौधाम गौशाला से बीते तीन महीनों में 544 गायों के रहस्यमय तरीके से लापता होने का मामला सामने आया है। राज्य महिला आयोग की पूर्व सदस्य एवं प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता संगीता शर्मा ने इसे गंभीर गौ तस्करी का मामला बताते हुए सरकार से तत्काल जांच और सच्चाई उजागर करने की मांग की है। उन्होंने सवाल उठाया कि यह घटना मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के गृह जिले में हो रही है, फिर भी राज्य सरकार और प्रशासन चुप क्यों है? क्या सरकार गौमाता की सुरक्षा में विफल हो गई है, या फिर इसमें सत्ता पक्ष से जुड़े लोग संलिप्त हैं? प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता ने गौशाला से गायों के लगातार गायब होने को एक संगठित तस्करी रैकेट से जोड़ते हुए कहा कि अगर सरकार ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया है, तो यह स्पष्ट संकेत है कि प्रभावशाली लोगों को बचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य में हिंदुत्व की ठेकेदारी करने वाली सरकार में गौमाता ही सबसे असुरक्षित हो गई हैं। अगर तीन महीने में 544 गायें लापता हुईं, तो यह केवल लापरवाही नहीं बल्कि सुनियोजित तस्करी का मामला हो सकता है।जब मुख्यमंत्री के जिले का यह हाल है तो पूरे प्रदेश में कितनी गौमाताओं की तस्करी हो रही है यह भी सरकार बताए ! संगीता शर्मा ने यह भी आरोप लगाया कि स्थानीय जनता और संत समाज ने इस मामले में खाचरोद से क्षेत्रीय विधायक तेज बहादुर सिंह की संलिप्तता पर सवाल उठाए हैं और उनके खिलाफकड़ी कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार वास्तव में गौमाता की हितैषी है, तो वह तत्काल इस मामले की गहराई से जांच कराए और दोषियों को सख्त सजा दे। नहीं तो यह साफहो जाएगा कि भाजपा सरकार सिर्फ हिंदुत्व की राजनीति करती है, लेकिन जब गौमाता की सुरक्षा की बात आती है, तो आंखें मूंद लेती है। इस घटना से उज्जैन के संत समाज में भारी आक्रोश है, और वे बड़े आंदोलन की तैयारी कर रहे हैं। यदि सरकार ने जल्द ही कार्रवाई नहीं की, तो यह मामला और बड़ा बन सकता है।

## संभागायुक्त सिंह ने बैरसिया सिविल अस्पताल में ओपीडी तथा जनरल वार्ड का निरीक्षण किया

भोपाल (आरएनएस)। संभागायुक्त संजीव सिंह द्वारा आज बैरसिया अनुभाग में एसडीएम कार्यालय, तहसील कार्यालय, सिविल अस्पताल सहित जनपद पंचायत कार्यालय, निर्माणाधीन सीएम राइज स्कूल का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण एवं सिविल अस्पताल में सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सीईओ जिला पंचायत इला तिवारी, ज्वाइंट कमिश्नर विनोद यादव आदि उपस्थित थे। संभागायुक्त संजीव सिंह ने बैरसिया अनुभाग में आरसीएमएस पोर्टल पर निराकृत प्रकरणों के निराकरण के पश्चात अमल करने हेतु 15 दिन की समय सीमा निर्धारित की। सिंह ने राजस्व कार्यों के संपादन में पारदर्शिता स्थापित करने तथा गुणवत्तापूर्ण कार्यवाही करने एवं आम नागरिकों की समस्या के प्रति संवेदनशील रवैया अपनाते हुए ऑनलाइन प्रक्रियाओं का अधिक से अधिक उपयोग करने हेतु निर्देशित किया।

# नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेला- 2025 में मध्यप्रदेश की पुस्तकें बनीं आकर्षण का केंद्र

भोपाल-(आरएनएस)नई दिल्ली के भारत मंडपम में 9 फरवरी तक चल रहे नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेले- 2025 में मध्यप्रदेश की पुस्तकें खास आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। मेले में हॉल नंबर 2 के आर-59 में शासन के पर्यटन विभाग और संस्कृति विभाग का संयुक्त स्टॉल तथा पी-06 में मप्र हिन्दी ग्रन्थ अकादमी का स्टॉल लगाया गया है। पर्यटन और संस्कृति विभाग के स्टाल में भोपाल और उज्जैन के प्रतिष्ठित प्रकाशकों जैसे स्वराज संस्थान, धर्मपाल शोधपीठ, महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ, वीर भारत न्यास, जनजातीय लोक कला एवं बोली विकास अकादमी, मध्यप्रदेश उर्दू अकादमी, आचार्य शंकर सांस्कृतिक एकता न्यास तथा हिन्दी साहित्य अकादमी की पुस्तकें विक्रय के लिए उपलब्ध हैं। इन पुस्तकों के माध्यम से राज्य के स्वतंत्रता संग्राम का इतिहास, सांस्कृतिक विरासत, कला-संस्कृति, पर्यटन, ऐतिहासिक धरोहर और पुरातत्व जैसे विषयों पर प्रकाश डाला गया है। राज्य के प्रसिद्ध साहित्यकारों की रचनाएं भी यहां उपलब्ध हैं। गांधी दर्शन, अद्वैत वेदांत दर्शन, लोकगीत तथा देवी-स्तुति गीत, भित्ति चित्र, लोक तथा जनजातीय कला जैसे विषयों पर आधारित दुर्लभ पुस्तकों को पाठक खूब पसंद कर रहे हैं। पुस्तकालय संचालक, शोधकर्ता, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्र भी बड़ी संख्या में स्टॉल पर पहुंच रहे हैं। पर्यटक और प्रकृति प्रेमी पर्यटन विभाग के प्रकाशन - मध्यप्रदेश गाइड मैप, %वाइल्ड एमपी%, %उज्जैन- द लिविंग लेजेंड%, %बुंदेलखंड- द हार्ट बीट ऑफ एमपी%, %सतपुड़ा% और %बर्ड्स ऑफ भोपाल% किताबों में विशेष रूचि ले रहे हैं। मप्र हिन्दी ग्रन्थ अकादमी के स्टॉल में राज्य के नाट्य संग्रह, काव्य शास्त्र, विज्ञान, समाजशास्त्र, व्याकरण, बुन्देली साहित्य, भारतीय कला और दर्शन, इत्यादि की पुस्तकें उपलब्ध हैं।



## जिलाध्यक्ष सूची में किसी चली, कौन नेता डाल-डाल तो कौन पात-पात?

भोपाल (आरएनएस)। मध्यप्रदेश बीजेपी ने बीते दिनों प्रदेश के सभी जिले के जिलाध्यक्षों की सूची जारी की थी। करीब एक महीने चली खिंचतान के बाद बीजेपी बारी बारी से कदम फूंक्रते हुए सूची जारी करती गई। वजह रही पार्टी दिग्गजों के बीच रस्साकशी। जिसमें हर नेता अपने चेले को जिलाध्यक्ष की कुर्सी दिलाकर अपनी दमदारी दिखाना चाहता था। इसमें कई नेता अपनी दमदारी दिखाने में कामयाब भी हुए तो कई दिग्गजों की एक न चली।

जमकर दिखी राजनीति!

वैसे तो बीजेपी संगठन में अगर कोई काम हो तो उसमें किसी की नहीं चलती है। बीजेपी अपने तौर पर फैसला लेती आई है, लेकिन जिलाध्यक्षों की नियुक्ति में पार्टी के अपने ही नेता घुसपैठ करते नजर आए, तो कई नेताओं का दबदवा कायम होता दिखा। महाराज सिंधिया से लेकर वीडी शर्मा, हितानंद शर्मा, सीएम मोहन यादव समेत कई नेताओं ने अपने अपने स्तर से जोर लगाया। हालांकि इसमें भी जमकर राजनीति देखने को मिली। और नतीजा ये रहा की पार्टी एक बार में सूची जारी नहीं कर पाई। पार्टी को 9 बार में सूची जारी करनी पड़ी। नौबत तो वहां आई की बीजेपी को धाकड़ नेताओं वाले जिलों में एक नहीं बल्कि दो-दो जिलाध्यक्षों को नियुक्त करना पड़ा।

कौन डाल-डाल, कौन पात-पात?

खैर लिस्ट जो जारी हो गई, लेकिन अब बात करते है मुद्दे की, कि कौन नेता अपना दम दिखाने में कामयाब रहा तो कौन नहीं! जिलाध्यक्ष कुर्सी की खिंचतान में सीएम मोहन यादव, ज्योतिरादित्य सिंधिया, प्रहलाद पटेल, नरेन्द्र सिंह तोमर, कैलाश विजयवर्गीय जैसे दिग्गज अपने अपने चहेतों के नाम आगे बढ़ा रहे थे। तो वही संगठन से वीडी शर्मा और हितानंद शर्मा अपना जोर लगा रहे थे। इतना ही नही जिलाध्यक्षों की जंग में कुछ मंत्रियों ने भी अपने चेलों के लिए भरपूर प्रयास किए। इस पूरी खिंचतान में एक चीज नजर आई वो थी की पार्टी के दिग्गज नेता डाल-डाल थे, तो वही संगठन पात-पात दिखाई दिया।

क्या कहते है जानकार?

राजनीतिक जानकारों का विश्लेषण कहता है कि संगठन ने सारे नेताओं को साधने की कोशिश की है। इसके अलावा संघ की पसंद का भी ध्यान रखा गया।



महाकुम्भ नगर। बसंत स्नान के बाद गुरुवार से फिर संस्कृति का महाकुम्भ होगा, जिसमें देश की विविध संस्कृतियों का संगम होगा। गंगा पंडाल पर चल रहे मुख्य आयोजन को लेकर संस्कृति विभाग ने एक बार फिर तैयारी पूरी कर ली है। अगले चार दिन तक देश के नामचीन कलाकारों की प्रस्तुतियों से महाकुम्भ की सांझ सजेगी। 7 को डोना गांगुली, 8 को कविता कृष्णमूर्ति, 9 को सुरेश वाडेकर, सोनल मान सिंह व 10 को हरिहरन प्रस्तुति देंगे। 12 फरवरी को माघ पूर्णिमा स्नान है, इसलिए 11 से 13 फरवरी तक सांस्कृतिक कार्यक्रम स्थगित रहेंगे।

## एक तीर से दो निशाने

मतभेदों का सम्मान किया जाना चाहिए और सद्भाव से रहने की कुंजी एकजुटता है। यह कहना है राष्ट्रीय स्वयं सेवक प्रमुख मोहन भागवत ने महाराष्ट्र के भिवंडी में गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान ध्वाजारोहण के बाद कही। भागवत ने विविधा के संदर्भ में कहा कि गणतंत्र दिवस उत्सव के साथ-साथ राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारियों को याद करने का अवसर भी है। किसी को दबाया नहीं जाना चाहिए, आपकी अपनी विशेषताएं हो सकती हैं मगर आपको दूसरों के प्रति अच्छा व्यवहार करना चाहिए। यदि आपका परिवार दुखी है तो आप खुश नहीं रह सकते। अगर आप जीना चाहते हैं तो सामंजस्यपूर्ण जीवन जीना चाहिए। कुछ ही समय पहले भागवत द्वारा हर धर्म के देवी-देवताओं के सम्मान की भी बात की गई थी, जिस पर विवाद छिड़ गया था। सौहार्द और जिम्मेदारियों को लेकर की गई उनकी बात को लेकर एक बार फिर संदेह किया जा सकता है। संघ के तौर-तरीकों व विवादास्पद विचारों की बजाए भागवत का एकजुटता को लेकर दिया गया भाषण रणनीति भरा व दूरदर्शितापूर्ण कहा जा सकता है। मगर उनके विरोधियों को यह रास नहीं आ सकता। बहुसंख्यकों के हितों पर मुखर रूप से बोलने वाले भागवत अब देश में सभी को साथ रहने और इसे भारत की संस्कृति बताते हैं। हालांकि पिछले दिनों राम मंदिर निर्माण को देश की दूसरी आजादी से जोडने वाले उनके बयान पर कांग्रेस ने तल्ख टिप्पणी की थी। आरोप लगाया था कि वे संविधान को आजादी का प्रतीक नहीं मानते। यह कहना गलत नहीं है कि भागवत हिन्दुओं के नेता बनने की ललक के चलते विरोधाभाषी या विवादास्पद बयानबाजी करने से चूकना नहीं चाहते।

# गढ़ भी नहीं रहा और सेनापति भी नहीं

मराठी की एक कहावत में गढ़ जीतने को अहम तो बताया गया है, लेकिन गढ़ की जंग में अगर सेनापति का बलिदान हो जाता है तो उस जीत को भी बड़ा नहीं माना जाता। इसी मराठी कहावत की तर्ज पर दिल्ली की सियासी जंग को अरविंद केजरीवाल के संदर्भ में देखें तो कह सकते हैं कि गढ़ तो गया ही, सिंह यानी सेनापति भी नहीं रहा। अलग तरह की वैकल्पिक राजनीति और उसके जरिए आम लोगों को खुशहाल और नए तरह के भविष्य का सपना दिखाकर राजनीति में आए अरविंद केजरीवाल के लिए दिल्ली विधानसभा में बहुमत एक तरह से गढ़ यानी किला ही था। अरविंद केजरीवाल वह किला अब खो चुके हैं और उनके लिए चिंता की बात है कि खुद उनके साथ उनके सेनापति इस जंग में खेत रहे हैं। तो क्या यह मान लिया जाए कि आंदोलन से उपजी राजनीति के दौर का खात्मा तय है? अभी तो यह मान लेना कि आम आदमी पार्टी खत्म हो जाएगी, थोड़ी जल्दबाजी होगी। लेकिन अतीत के उदाहरणों को देखें तो साफ लगता है कि केजरीवाल के लिए राह अब आसान नहीं रही।

अन्ना हजारे के भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन के साथ उभरी आम आदमी पार्टी ने अलग तरह की राजनीति देने का वादा किया था। अन्ना के भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन को लेकर लोगों को कितनी उम्मीदें थीं कि अन्ना का अनशन तो दिल्ली में हो रहा था, लेकिन उसके समर्थन में राजस्थान के रेतीले इलाकों में इक्का-दुक्का घरों के साथ बसी ढाणियों, झारखंड-छत्तीसगढ़ के सुदूर जंगलों, पानीपत से लेकर मोतिहारी, कच्छ लेकर अरूणाचल प्रदेश तक, शायद ही कोई शहर या गांव रहा होगा, जहां मोमबत्तियां न जली हों। ये मोमबत्तियां दरअसल नए भारत की अंजोरियाभरी राह का सपना थीं। आम आदमी पार्टी का जब गठन हुआ तो लोगों को उम्मीद थी कि उसके जरिए देश और उनकी जिंदगी में ऐसा प्रकाश फैलेगा, जिसमें उनके, उनकी संततियों और उनके देश का भविष्य उज्ज्वल होगा। इस उम्मीद और सपने को 2015 और 2020 के विधानसभा चुनावों में दिल्ली की जनता ने भरपूर साथ दिया। पहली 54.3 प्रतिशत वोट और 67 सीटें तो दूसरी बार 53.57 प्रतिशत वोट और 62 सीटें देना एक तरह से बेहतर और चमकीले सपनीले भविष्य को लेकर जनाकांक्षाओं का उफान था। कभी बंगला और गाड़ी न लेने, वीआईपी कल्चर को न अपनाने के वायदे के साथ राजनीति में आए केजरीवाल धीरे-धीरे इसी जनाकांक्षा को भूलते चले गए। दूसरे कार्यकाल में तो वे तानाशाह की तरह खुद को स्थापित करते गए। झूठ और फरेब की राजनीति को ही उन्होंने अपनी सियासी आदत बना लिया। पंजाब में आम आदमी पार्टी की भारी जीत के बाद जैसे उनका खुद पर नियंत्रण नहीं रहा। आम आदमी पार्टी में सिर्फ उनकी ही चलती थी। लोकतंत्र का मुखौटा भी वहां नहीं रह गया था। वैसे भी आम आदमी पार्टी को पहली आर्थिक मदद देने वाले प्रशांत भूषण,. वैचारिक आधार तैयार करने वाले योगेंद्र यादव और प्रोफेसर आनंद कुमार के साथ ही अपने साथी रहे कुमार विश्वास को पार्टी से पहले ही बाहर कर चुके थे। उनके साथ रहे उनके आंदोलन के दिनों के साथी मनीष सिसोदिया और स्वाति मालीवाल। हालांकि उनके शासन के आखिरी दिनों में जिस तरह स्वाति की मुख्यमंत्री के घर में ही पिटाई हुई, उसने केजरीवाल के स्वभाव की एक तरह से कलई खोल दी। केजरीवाल ने अपने पहले कार्यकाल में बेशक अच्छे कार्य किए। मोहल्ला क्लीनिक का विचार दिया और उसे लागू किया। शिक्षा और स्वास्थ्य का बजट बढ़ाया, दो सौ यूनिट तक बिजली और एक सीमा तक पानी मुफ्त दिया। महिलाओं को फ्री में बस यात्रा की सहूलियत दी। लेकिन इसके साथ ही दिल्ली में भ्रष्टाचार बढ़ता गया। दो साल पहले के चुनाव में नगर निगम पर भी उनका कब्जा हो गया। इसके पहले दिल्ली की सफाई व्यवस्था के लिए नगर निगम पर अपना नियंत्रण ना होने का बहाना बनाते रहे थे, लेकिन अब वह बहाना भी नहीं रहा। फिर भी दिल्ली गंदी होती चली। दिल्ली की लाइफ लाइन मानी जाने वाली डीटीसी के बेड़े से बसें कम होती चली गईं। केजरीवाल के दौर में हवा-हवाई घोषणाएं खूब हुईं। इसकी वजह से उनसे फायदा लेने वाले लोग भी खुश नहीं थे। डीटीसी के कर्मचारियों, बसों में तैनात मार्शलों आदि को स्थायी नौकरियां देने का वादा कर चुके केजरीवाल उन्हें नौकरियां नहीं दे पाए। शुरू में उनकी बहानेबाजी तो चली,लेकिन बाद में लोगों ने समझना शुरू कर दिया कि वे सिर्फ हवा-हवाई दावे करते हैं और बहानेबाजी के जरिए खुद को बचा ले जाते हैं। 2022 में पंजाब में हुए विधानसभा चुनाव में उन्होंने महिलाओं को हजार रूपए महीने देने का वादा किया था, लेकिन अब तक उन्हें यह रकम नहीं दे पाए। पंजाब रोडवेज की बसों में महिलाओं को फ्री सहूलियत देने के चलते पंजाब रोडवेज घाटे में है। इसकी वजह से महीनों तक कर्मचारियों को तनख्वाह नहीं मिल रही।

## धनाढ्यों के विदेश पलायन पर प्रदर्शन क्यों नहीं?

डोनाल्ड ट्रंप के अमेरिका के राष्ट्रपति पद संभालने के बाद सौ से अधिक अवैध भारतीयों के पहले बैच को अपराधियों की तरह अपमानजनक तरीके से भारत भेजा गया है। सितम्बर- 2024 तक सालभर में अवैध रूप से अमेरिका जाने की कोशिश में 90 हजार से अधिक लोग पकड़े गये थे। ये लोग अपनी जीवनभर की कमाई एवं पूंजी को दांव पर लगाकर अमेरिका जैसे देशों में जाने के वैध एवं अवैध तरीके अपनाते हैं, इनका इस तरह देश छोड़कर जाने का कारण समझ में आता है, लेकिन धनाढ्य परिवारों का भारत से पलायन कर विदेशों में बसने का बढ़ता सिलसिला समझ से परे हैं। ऐसे क्या कारण है कि लोगों को देश की बजाय विदेश की धरती रहने, जीने, व्यापार करने, शिक्षा एवं रोजगार के लिये अधिक सुविधाजनक लगती है, नये बनते भारत के लिये यह चिन्तन-मंथन का कारण बनना चाहिए। संसद परिसर में अमेरिका से लौटे अवैध भारतीयों के स्वदेश लौटने की विडम्बनापूर्ण एवं विसंगतिपूर्ण स्थितियों को लेकर व्यापक प्रदर्शन हुए, लेकिन क्या इन बुद्धिमान विपक्षी दलों के सांसदों को कभी धनाढ्यों के भारत छोड़कर जाने एवं इस तरह भारत का अपमान करने की स्थितियों पर भी प्रदर्शन नहीं करना चाहिए?

'हेनले प्राइवेट वेल्थ माइग्रेशन रिपोर्ट' के अनुसार पिछले दो साल से ऐसे लोगों की संख्या औसतन 5,000 रही है। इन अमीरों को आप कभी शिकायत करते नहीं सुनेंगे। ये इतने स्मार्ट हैं कि बिना हौ-हल्ला किये विदेश में जाकर बस जाते हैं। तथ्य यह है कि इनके पास 'सरप्लस' है, और ये भारत में निवेश करने की जगह विदेश का रुख कर रहे हैं। इनमें से कई इसलिए देश छोड़ रहे हैं क्योंकि विदेश में सुरक्षा है और गुमनाम रहने की सुविधा है। इनसे भी जो ज्यादा अमीर हैं, ऐसे करोड़पति, अरबपति और खासकर डॉलर अरबपति कमाई तो भारत में करते हैं और जीते अमेरिका जैसे देशों में है।

## दिल्ली में भाजपा ने जीत की नई इबारत लिखी

दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी विधानसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत दर्ज करते हुए न केवल 27 साल के वनवास को खत्म करने में कामयाब हुई है बल्कि देश की राजधानी को एक नया विश्वास, नया जोश एवं गुड गर्वनेंस का भरोसा दिलाने को तत्पर हो रही है। निश्चित ही चुनाव मोदी के नाम पर लड़े गये और दिल्ली की जनता ने मोदी पर भरोसा जताया है। एक बार फिर मोदी का जादू चला एवं उनके करिश्माई राजनीतिक व्यक्तित्व ने नया इतिहास रचा है। दिल्ली में भाजपा ने जीत की नई इबारत लिखी है। दिल्ली में 11 साल के बाद डबल इंजन की सरकार बनने से दिल्ली की बुनियादी समस्याओं का हल होते हुए दिख रहा है, बल्कि दिल्ली के विकास की नई गाथा लिखे जाने की शुभ शुरुआत हो रही है। अब दिल्ली में न केवल वायु प्रदूषण दूर होगा, बल्कि यमुना नदी का प्रदूषण दूर करते हुए उसका कायाकल्प किया जायेगा। चुनाव परिणामों में आम आदमी पार्टी चुनाव को जिस तरह की हार का सामना करना पड़ा है उससे आप सिर्फ सत्ता से ही बेदखल नहीं हो रही बल्कि आप एवं केजरीवाल के राजनीतिक जीवन पर भी ग्रहण लगता हुआ दिखाई दे रही है। कांग्रेस के लिये भी अपनी राजनीतिक जमीन बचाने एवं सत्ता में वापसी का सपना बूरी तरह पस्त हो गया है। दिल्ली की लगभग सभी सीटों पर मतदाताओं ने सुशासन, भ्रष्टाचार मुक्ति, विकास एवं मुक्त की सुविधाओं के नाम पर वोट डाले हैं। दिल्ली में मुस्लिम बहुल इलाके हों, गांधी नगर जैसे कारोबारी क्षेत्र हों या फिर पूर्वी दिल्ली का पटपड़गंज हो, या मुस्तफाबाद जैसे पिछड़े इलाके सभी जगहों पर आप को करारा झटका लगा है। हिन्दुत्व की ताकत, राष्ट्रीय स्वयंसेवक एवं भाजपा की सुनियोजित चुनाव रणनीति ने भाजपा को जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मोदी-शाह की जोड़ी ने करिश्मा कर दिखाया है। आप एवं कांग्रेस के दिग्गज नेताओं की हार ने तय किया कि राजनीति में राजशाही सोच, अहंकार एवं बड़बोलापन कामयाब नहीं है। दिल्ली के विकास मॉडल को पूरे देश में केजरीवाल सर्वश्रेष्ठ बताते रहे हैं, उसी दिल्ली की दुर्दशा, उससे जुड़े झूठे बयानों एवं तथ्यों के कारण आप हारी है।. इस तरह केजरीवाल की राजनीति पर मतदाताओं ने सवालिया निशाने लगा दिये हैं। केजरीवाल के लिये इन चुनाव परिणाम के बाद संकट के पहाड़ खड़े होने वाले है। जिस अन्ना आंदोलन से अरविंद केजरीवाल का नाम पूरे देश में सामने आया। केजरीवाल ने उन्हीं अन्ना को नकार दिया था। दिल्ली चुनाव के रुझानों पर अन्ना हजारे ने कहा कि मैं बार-बार बताता गया, लेकिन उनके दिमाग में नहीं आया और वे शराब को ले आए। शराब यानी धन-दौलत से वास्ता हो गया। अन्ना ने कहा कि चुनाव लड़ते समय उम्मीदवार को आचार शुद्ध होना, विचार शुद्ध होना, जीवन निष्कलंक और त्याग होना जरूरी है। अगर ये गुण उम्मीदवार में हैं तो मतदाताओं को उन पर विश्वास होता है। लेकिन केजरीवाल एवं आप के उम्मीदवारों में ये गुण दूर-दूर तक दिखाई नहीं देते हैं, यही आप की करारी हार का कारण बना है। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री केजरीवाल की परिस्थितियों में बड़ी समानता रही हैं,

### मंगलवार का व्रत करने से दूर होती है नकारात्मक ऊर्जा, बढ़ता है साहस, बल और सम्मान

मंगलवार का व्रत बल, साहस, सम्मान और पुरुषार्थ को बढ़ाने वाला माना जाता है। मंगलवार का व्रत करने से हनुमान जी प्रसन्न होते हैं और हमारे जीवन के सभी संकट दूर करते हैं। साथ ही यह भी माना जाता है कि इस व्रत को करने से सभी प्रकार की बुरी शक्तियां और नकारात्मक ऊर्जा दूर रहती है। लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि मंगलवार को ही हनुमान जी का व्रत क्यों किया जाता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको मंगलवार व्रत विधि के बारे में बताने जा रहे हैं और साथ ही यह भी जानेंगे कि मंगलवार को हनुमान जी की पूजा क्यों की जाती है।

पौराणिक मान्यताओं के अनुसार और स्कंदपुराण में बताया गया है कि मंगलवार को हनुमान जी का जन्म हुआ था। इस वजह से मंगलवार का दिन हनुमान जी को समर्पित होता है। मंगलवार का व्रत करने से सभी तरह के कष्ट और संकट दूर होते हैं। इसी वजह से हनुमान जी को संकटमोचन भी कहा जाता है। हनुमान जी का मंगल ग्रह से भी संबंध होता है। ऐसे में मंगलवार का व्रत करने से और सुंदरकांड का पाठ करने से मंगल के अशुभ प्रभाव दूर होते हैं।

## नशा-विरोधी जन-अभियान की जरूरत

मौतों के आंकड़ों के अतिरिक्त हमें यह भी देखना है कि नशे से कितने परिवार तबाह होते हैं और इस संदर्भ में सबसे अधिक नुकसान शराब से होता है। जितने लोग एक वर्ष में शराब से मरते हैं, उससे 150 गुणा अधिक वे लोग हैं कि जिनका जीवन शराब के कारण बुरी तरह गड़बड़ा गया है, और उनकी इस हालत की कीमत उनके परिवार को, पत्नी और बच्चों को, बुजुर्ग माता-पिता को भी सहनी पड़ती है।

भारत जैसे देशों में जहां शराब और अन्य नशों की समस्या बढ़ रही है, वहां एक अन्य मुद्दा यह भी है कि बहुत से गरीब परिवारों के बजट शराब और अन्य नशों (जैसे गुटखा) के कारण बुरी तरह बिगड़ जाते हैं। यदि किसी परिवार की औसत एक दिन की आय 500 रुपये है और उसका लगभग आधा हिस्सा शराब और गुटखे में चला जाए तो कैसे निर्वाह होगा। इसी कारण घर में झगड़े होते हैं, मारपीट होती है, और परिवार तबाह होते हैं। शराब, सिगरेट, बीड़ी, गुटखा सभी तरह-तरह के कैंसर और अन्य गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं हृदय रोग, स्ट्रोक आदि के कारण बनते हैं। हाल में अमेरिकी सरकार की चेतावनी में बताया गया कि शराब के कारण 7 से 10 तरह के कैंसर होते हैं। गुटखे से मुंह के विभिन्न तरह के बहुत दर्दनाक कैंसर होते हैं। युनिवर्सिटी कॉलेज (ब्रिटेन) के एक अध्ययन ने हाल में बताया कि केवल एक सिगरेट पीने से जीवन के 20 मिनट कम हो जाते हैं, या 20 सिगरेट का पैकेट पीने से 400 मिनट या 7 घंटे किसी व्यक्ति के जीवन से निकल जाते हैं। शराब के नशे में बहुत सी दुर्घटनाएं होती हैं जिनसे किसी एक वर्ष में लाखों लोग मारे जाते हैं। शराब के नशे में तरह-तरह के हिंसक अपराध और यौन अपराध होते हैं क्योंकि नशे में भले-बुरे का फर्क समझ नहीं आता है। विश्व में वर्ष 2016 में शराब के कारण हुई मौतों में से 28.7 प्रतिशत चोटों के कारण हुई, 21.3 प्रतिशत पाचन रोगों के कारण हुई, 19 प्रतिशत हृदय रोगों के कारण हुई, 12.9 प्रतिशत संक्रामक रोगों से हुई और 12.6 प्रतिशत कैंसर से हुई। 20 से 29 आयु वर्ग में होने वाली मौतों में से 13.5 प्रतिशत शराब के कारण होती हैं। सिगरेट-बीड़ी पीने से जो धुआं छोड़ा जाता है, उसका पास के लोगों पर बहुत बुरा असर पड़ता है क्योंकि इस धुएं में अनके स्वास्थ्य के लिए हानिकारक तत्व होते हैं। इस तरह धूम्रपान करने वाले लोगों द्वारा पास के लोगों पर छोड़े गए धुएं से विश्व में एक वर्ष में 12 लाख मौत होती हैं। 65000 बच्चे इस कारण एक वर्ष में मरते हैं और कितने ही अन्य बच्चों के स्वास्थ्य की क्षति होती है। इसी तरह यदि माता-पिता गुटखे और तंबाकू का सेवन करते हैं तो बच्चों को भी कम उम्र में इसकी लत लग जाती है और उनके स्वास्थ्य की तबाही शुरू हो जाती है।

### अमोघ शिव कवच का पाठ करने से दूर होते हैं सभी कष्ट, दांपत्य जीवन होता है खुशहाल

महाशिवरात्रि का दिन भगवान भोलेनाथ के भक्तों के लिए बेहद अहम होता है। पूरे देश में बड़ी श्रद्धा और भक्ति के साथ यह पर्व मनाया जाता है। इस मौके पर अलग-अलग स्थानों पर भव्य तरीके से शिव बारात निकाली जाती है। महाशिवरात्रि के दिन भगवान शिव और मां गौरी की पूजा करने से दांपत्य जीवन में सुख-समृद्धि आती है। इस दिन व्रत करने से और महादेव की पूजा-अर्चना करने से कुंवारी कन्याओं को मनचाहा और सुयोग्य वर मिलता है। इसी पावन दिन पर भगवान शिव और मां पार्वती का विवाह संपन्न हुआ था। इस बार 26 फरवरी 2025 को महाशिवरात्रि का पर्व मनाया जा रहा है। इस दिन जो भी जातक भगवान शिव की विधि-विधान से पूजा-अर्चना करता है। महादेव उसकी प्रार्थना अवश्य सुनते हैं। इस दिन शिवजी के मंत्रों का जाप करने बेहद कल्याणकारी माना जाता है। वहीं भगवान शिव के अमोघ कवच का पाठ करना भी उत्तम और लाभकारी माना जाता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको अमोघ शिव कवच के बारे में बताने जा रहे हैं। साथ ही इसका पाठ करने से क्या लाभ होता है।

## बजट 2025 में कृषि: ग्रामीण समृद्धि और मजबूती का इंजन

नवीन पी. सिंह, एस के श्रीवास्तव

विकसित भारत की आकांक्षा के साथ, वित्त वर्ष 2025-26 के केंद्रीय बजट का उद्देश्य प्रमुख संरचनात्मक चुनौतियों का समाधान करते हुए लक्षित सुधारों के शुभारंभ के साथ भारत के कृषि और संबद्ध क्षेत्रों को नवरूप प्रदान करना है। यह बजट किफायती ऋण तक पहुंच बढ़ाने, फसल बीमा का विस्तार करने, कृषि-मूल्य श्रृंखलाओं को बढ़ावा देने और 1.52 ट्रिलियन रुपये के आवंटन के साथ संतुलित क्षेत्रीय विकास की प्राप्ति को प्राथमिकता देता है। बजट की प्रमुख विशेषताओं में से एक सब्सिडी वाले कृषि ऋण की सीमा को 3 लाख रुपये से बढ़ाकर 5 लाख रुपये प्रति किसान करना है, जिसका उद्देश्य वित्तीय समावेशन को व्यापक बनाते हुए किसान परिवारों को समर्थन देना है। इसके साथ-साथ, सरकार ने वर्ष 2030 तक दालों में आत्मनिर्भरता हासिल करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है। इसके अलावा, बजट में मूल्य संवर्धन को बढ़ावा देने के लिए खाद्य प्रसंस्करण के लिए प्रोत्साहन के रूप में 109 बिलियन रुपये आवंटित किए गए हैं। बुनियादी ढांचे और उत्पादकता बढ़ाने के लिए 9 बिलियन डॉलर की पांच वर्ष की निवेश योजना के साथ मत्स्य पालन क्षेत्र को भी बढ़ावा मिला है। सरकार ने दीर्घकालिक उत्पादकता और नवाचार को बढ़ावा देने में कृषि अनुसंधान और शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका को मान्यता दी है। वित्त वर्ष 2025-26 में कृषि अनुसंधान और शिक्षा के लिए बजट 10,466.39 करोड़ रुपये है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 3.05 प्रतिशत की मामूली वृद्धि को दर्शाता है। यह वृद्धि, सकारात्मक होते हुए भी, आधुनिक कृषि अनुसंधान की बढ़ती जटिलता और पूंजी-परक स्थिति को देखते हुए और अधिक पर्याप्त हो सकती थी।

सबसे पहले, इस बजट में संबोधित की गई एक महत्वपूर्ण चिंता खाद्य मुद्रास्फीति है, जो निरंतर उच्च रही है और यह 2024 के अंत में वर्ष-दर-वर्ष 10 प्रतिशत को पार कर चुकी है। इससे निपटने के लिए, सरकार ने दालों के शुल्क-मुक्त आयात को बढ़ाया है और मूल्य स्थिरता को बनाए रखने के लिए चुनिंदा निर्यात प्रतिबंध भी लगाए हैं। हालांकि, न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) और खरीद के प्रभावी कार्यान्वयन के माध्यम से दालों के पक्ष में समानता लाना आवश्यक है।

दूसरा, मौसम की बदलती परिस्थितियों और घटते जल संसाधन जलवायु परिवर्तन के जोखिम इसमें शामिल हैं। कृषि क्षेत्र में मजबूत बनाने की दिशा में अधिक निवेश की आवश्यकता को रेखांकित करते हैं। बजट में किसानों को जलवायु उतार-चढ़ाव से बचाने के लिए सिंचाई, मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन और जलवायु-अनुकूल प्रौद्योगिकियों के उपायों की रूपरेखा दी गई है। ये हस्तक्षेप दीर्घकालिक और जलवायु-अनुकूल कृषि कार्यप्रणाली की आवश्यकता की बढ़ती मान्यता को दर्शाते हैं। हालांकि, सरकार प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन के लिए और विशेष रूप से कृषि क्षेत्र में संरचनात्मक सुधारों के माध्यम से दीर्घकालिक अवधि में सूखे को कम करने के लिए अधिक बजट आवंटित कर सकती थी।

जैविक खेती जैसी योजनाओं के लिए बजट आवंटन के लगभग 50 प्रतिशत वास्तविक व्यय के साथ, बढ़े हुए बजट स्तरों के साथ योजना को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण चिंतन की आवश्यकता है जहां राज्यों को जैविक खेती के लिए वस्तुओं की पहचान के लिए शामिल किया जा सकता है।

तीसरा, यह बजट कृषि और संबद्ध क्षेत्र को बदलने में संघीय व्यवस्था के महत्व पर जोर देता है। इन चुनौतियों से निपटने के लिए सामूहिक हस्तक्षेप की आवश्यकता थी, जिसके परिणामस्वरूप प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना (पीएमडीडीकेवाई) का शुभारंभ हुआ, जिसका लक्ष्य कम उत्पादकता, मध्यम फसल तीव्रता और औसत से कम ऋण मापदंडों वाले 100 जिले हैं। इस योजना में स्वीकार्यता दृष्टिकोण अपनाया गया है और इसके अंतर्गत 1.67 करोड़ से अधिक किसानों को शामिल किए जाने की आशा है। कम विकसित क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करने से समग्र कृषि विकास पर बहुत कम प्रभाव पड़ेगा।


इस हस्तक्षेप का एक रोचक पहलू पंचायत स्तर पर कटाई के बाद के भंडारण को बढ़ाना है, जिसका उद्देश्य खेत से लेकर बाजार तक कटाई के बाद के नुकसान को कम करना है। रसद संबंधी अक्षमताओं को दूर करते हुए भंडारण सुविधाओं में सुधार करके, सरकार बर्बादी को कम करने और किसानों की आय बढ़ाने का प्रयास करती है।

चौथा, भारत की ग्रामीण अर्थव्यवस्था, जहां लगभग 65 प्रतिशत आबादी रहती है, कृषि पर बहुत अधिक निर्भर है। हालांकि, इस क्षेत्र को महत्वपूर्ण चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, जिसमें छिपी बेरोजगारी (अनुमानित 25-30 प्रतिशत), कम उत्पादकता, अपर्याप्त बुनियादी ढांचा और जलवायु-जनित बाधाएं शामिल हैं। नीति आयोग के अनुसार, लगभग 40 प्रतिशत किसान आर्थिक संकट के कारण खेती छोड़ने की इच्छा व्यक्त करते हैं। इसके अतिरिक्त, ग्रामीण मजदूरी प्रति वर्ष 2-3 प्रतिशत की धीमी गति से बढ़ी है, जबकि भारत में कृषि उत्पादकता वैश्विक मानदंड से 30-50 प्रतिशत कम है। ये चुनौतियां बड़े पैमाने पर ग्रामीण-से-शहरी प्रवास में योगदान करती हैं, जिसमें 9 मिलियन से अधिक लोग बेहतर आजीविका की तलाश में वार्षिक रूप से पलायन करते हैं।

इन दबावयुक्त चिंताओं को दूर करने के लिए राज्य सरकारों के सहयोग से एक व्यापक बहु-क्षेत्रीय ग्रामीण समृद्धि और मजबूती कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया है। यह पहल ग्रामीण क्षेत्रों में स्थायी आजीविका के अवसरों का सृजन करने के लिए कौशल, निवेश और तकनीकी एकीकरण पर केंद्रित है। कृषि प्रसंस्करण, डिजिटल कृषि और जलवायु-अनुकूल खेती को बढ़ावा देकर इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण रोजगार को बढ़ाना और यह सुनिश्चित करना है कि प्रवास आर्थिक मजबूरी के बजाय एक विकल्प बन जाए।

पांचवा, किसी भी पहल को प्रभावी ढंग से लागू करने में राज्यों के साथ केंद्र सरकार की भागीदारी महत्वपूर्ण है। क्षेत्रीय प्राथमिकताओं की पहचान करने, संसाधन जुटाने और अंतिम-छोर तक वितरण को सुनिश्चित करने में राज्य महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## -:: आज का राशिफल ::-



मेष राशि: आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहेगा। इस राशि के बिजनेसमैन को अचानक कहीं से धनलाभ होगा। आपकी आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। आज आपने काम करने के तरीकों में बदलाव लाने से गतिविधियां बेहतर होंगी।

वृष राशि: आज के दिन भाग्य आपका पूरा साथ देगा। जो आपके लिए फायदेमंद साबित होगा। साथ ही आज काम में मन लगेगा। आज आप अपनी कार्यकुशलता के दम पर बेहतरीन कार्य पूर्ण करने में सफल होंगे।

मिथुन राशि: आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आपको मेहनत का फल जरूर मिलेगा। कई दिनों से चल रहीं कड़ी मेहनत आज रंग लाएगी। आज आपको बड़ी जिम्मेदारी मिलेगी जिसे आप बखूबी पूरा करेंगे।

कर्क राशि: आज का दिन अच्छा रहेगा। आज आप दिन भर कई तरह के कामों में व्यस्त रहेंगे। आज भागदौड़ से राहत पाने के लिए थोड़ा समय खुद के लिए निकालें। आज अपने निजी कामों को पूरा करने में बिजी रहेंगे।

सिंह राशि: का दिन अच्छा रहने वाला है। आज आपके सामने कई चुनौतियां आएंगी, आप इनका डटकर मुकाबला करेंगे। आज खुशखबरी मिलने से मन प्रसन्न रहेगा और आप अपने अंदर नया जोश और ऊर्जा महसूस करेंगे।

कन्या राशि: आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। आज रोजगार में पदोन्नती के अवसर बनेंगे। आज जीवनसाथी और परिवारजनों का सहयोग आपकी कार्य क्षमता को और बेहतर बनाएगा। आज आपका स्वास्थ्य ठीक रहेगा।

तुला राशि: आज का दिन आज ठीक-ठाक रहेगा। आज करीबी रिश्तेदारों के साथ मिलकर अच्छी योजनाओं पर विचार होगा। आपका रुका हुआ पैसा मिल सकता है।

वृश्चिक राशि: आज का दिन आपके लिए नई खुशियां लेकर आया है। आपका चंचल स्वभाव लोगों को प्रभावित करेगा। ज्यादा सोच-विचार करने से समय निकल सकता है,

धनु राशि: आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। इस राशि के राजनीतिक से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा है। अपने उच्चाधिकारी के सामने बात रखने पर पॉजीटिव रिस्पॉन्स मिलेगा। आज काम करने से पहले उससे जुड़ी जानकारी जरूर हासिल करें।

मकर राशि: आज का दिन घूमने-फिरने में बितेगा। आज अफवाहों पर ध्यान न देकर अपने कामों पर फोकस करें। आने वाले दिनों में आपको मेहनत के मुताबिक सफलता मिलेगी। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए दिन अच्छा रहेगा।

कुंभ राशि: आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहेगा। आज आपके सारे पुराने काम आसानी से हो जाएंगे।

मीन राशि: आज का दिन घूमने-फिरने में बितेगा। आज आत्मविश्वास बनाए रखने से काम को अच्छे से पूरा कर पाएंगे। नए लोगों से मुलाकात होगी और रुके काम पूरे होने से



2025 के दिल्ली विधानसभा चुनाव में अरविंद केजरीवाल की अगुआई वाली आम आदमी पार्टी बीजेपी से हार गई है। अब आप की करारी हार के कारणों का विश्लेषण किया जा रहा है। इन सबके बीच केजरीवाल के पूर्व सहयोगियों ने %आम आदमी पार्टी की हार के लिए उन्हें ही जिम्मेदार ठहराया है। उनके पूर्व सहयोगियों का कहना है कि दिल्ली के पूर्व सीएम की बहानेबाजी, दुष्प्रचार% की राजनीति इसकी वजह है।



# महाराष्ट्र में 5 महीने में 39 लाख नए वोटर कैसे जोड़े गए?'..राहुल गांधी

नई दिल्ली (आरएनएस)। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, एनसीपी (एसपी) सांसद सुप्रिया सुले और शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव को लेकर नई दिल्ली के कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने महाराष्ट्र में नए मतदाताओं की संख्या को लेकर सवाल उठाए।

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा, हम यहां महाराष्ट्र में पिछले चुनाव में लड़ने वाले पूरे विपक्ष का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। हम भारत के लोगों के ध्यान में महाराष्ट्र चुनाव से जुड़े कुछ महत्वपूर्ण तथ्य सबके सामने लाना चाहते हैं। हमारी टीम ने मतदाता सूची और मतदान पैटर्न का सावधानीपूर्वक अध्ययन किया है और हम पिछले कुछ समय से इस पर काम कर रहे हैं। दुर्भाग्य से हमें कई अनियमितताएं मिली हैं, जो देश और विशेष रूप से लोकतंत्र में और उसमें विश्वास रखने वाले युवाओं के लिए चिंता का विषय हैं। इन निष्कर्षों के बारे में जागरूक होना और उन्हें समझना आवश्यक है।

राहुल गांधी ने कहा, महाराष्ट्र में विधानसभा 2019 और लोकसभा 2024 के बीच पांच सालों में 32 लाख नए मतदाता जोड़े गए। इसके बाद लोकसभा 2024 और महाराष्ट्र विधानसभा 2024 के बीच सिर्फ 5 महीने में 39 लाख नए मतदाता जोड़े गए। सवाल ये है कि 5 महीने के अंदर पिछले 5 साल से ज्यादा मतदाता कैसे जोड़े गए?

उन्होंने आगे कहा, यह संख्या हिमाचल प्रदेश के कुल मतदाताओं के बराबर है। दूसरा मुद्दा यह है कि महाराष्ट्र में राज्य की कुल मतदाता आबादी से अधिक मतदाता क्यों हैं? किसी भी तरह महाराष्ट्र में अचानक मतदाता बनाए गए हैं।

कांग्रेस नेता ने बाबा साहेब का जिक्र करते हुए कहा, संविधान निर्माण में मदद करने वाले अंबेडकर ने कहा था कि लोकतंत्र में मतदाता सूची सबसे बुनियादी चीज है। यह काफी महत्वपूर्ण है कि चुनाव किसी भी तरह के हस्तक्षेप से मुक्त हों। साथ ही चुनाव मशीनरी कार्यकारी सरकार के नियंत्रण से बाहर होनी चाहिए।

उन्होंने आगे कहा, पहले चुनाव आयुक्तों को एक समिति द्वारा चुना जाता था जिसमें सीजीएआई, नेता प्रतिपक्ष और प्रधानमंत्री शामिल होते थे। इस सरकार ने इसे बदल दिया है, उन्होंने सीजेआई को समिति से हटा दिया और इसमें एक भाजपा व्यक्ति को शामिल कर लिया। लोकसभा चुनाव से ठीक पहले एक 'चुनाव आयुक्त' को हटा दिया गया और दो नए आयुक्तों की नियुक्ति की गई।

राहुल गांधी ने कहा, हम चुनाव आयोग से कह रहे हैं कि हमें खामियां मिली हैं। हमें महाराष्ट्र के मतदाताओं के नाम और पते वाली मतदाता सूची चाहिए। साथ ही हमें लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव की मतदाता सूची चाहिए, क्योंकि हम यह समझना चाहते हैं कि ये नए जोड़े गए मतदाता कौन हैं। बहुत सारे मतदाता हैं, जिनके नाम हटा दिए गए हैं। एक बूथ के मतदाता दूसरे बूथ पर ट्रांसफर कर दिए गए हैं। इनमें से अधिकतर मतदाता दलित, आदिवासी और अल्पसंख्यक समुदायों से आते हैं। हमने चुनाव आयोग से बार-बार अनुरोध किया है, लेकिन उन्होंने हमें कोई जवाब नहीं दिया है। विपक्ष के नेता ने संसद भवन में यह बात कही है। चुनाव आयोग ने कोई जवाब नहीं दिया है। अब, उनके जवाब न देने का एकमात्र कारण यह है कि उन्होंने जो किया है उसमें कुछ गड़बड़ है। मैं कोई आरोप नहीं लगा रहा हूं। मैं यहां स्पष्ट रूप से डेटा पेश कर रहा हूं।

वहीं, शिवसेना (यूबीटी) के सांसद संजय राउत ने चुनाव आयोग पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा, राहुल गांधी ने देश के सामने बहुत जरूरी सवाल रखे हैं। देश के चुनाव आयोग का जमीर अगर जिंदा है, मरा नहीं है तो उन्हें जवाब देना होगा। मुझे लगता है कि चुनाव आयोग सरकार की गुलामी कर रही है। यह जो 39 लाख वोट कहां से आए हैं और कहां जाएंगे? मेरा मानना है कि यह वोटर घूमते रहते हैं, इनमें से थोड़े दिल्ली आए हैं। अब यह बिहार में भी जाएंगे और इसके बाद फिर उत्तर प्रदेश जाएंगे। सरकार ऐसे ही चुनाव लड़ती है और जीतती है। मैं चुनाव आयोग से कहना चाहूंगा कि आप उठिए कफन निकालिए, जो आप पर सरकार ने डाल दिया है, उसे हटाकर सवाल का जवाब दीजिए।



उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का हावेरी के रानीबेन्नूर पहुंचने पर कर्नाटक के रा%यपाल थावरचंद गहलोत ने स्वागत किया।



भारतीय युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने नई दिल्ली के रायसीना रोड पर अमेरिका से कथित अवैध भारतीय प्रवासियों के निर्वासन के विरोध में विरोध प्रदर्शन किया

# प्रधानमंत्री मोदी देश को सर्वश्रेष्ठ बनाने के लिए तत्पर हैं : गिरिराज सिंह

नई दिल्ली (आरएनएस)। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को व्यापक विचार रखने वाला व्यक्तित्व बताया। उनके मुताबिक देश का मान बढ़ाने की सोच के साथ पीएम मोदी आगे बढ़ रहे हैं।

केंद्रीय मंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री भारत को सर्वश्रेष्ठ बनाने की दिशा में तत्पर हैं। उनके पास राष्ट्र को सर्वश्रेष्ठ बनाने का एक व्यापक विचार है, जिसे वे लगातार जमीन पर उतारने की दिशा में काम कर रहे हैं।

इसके साथ ही उन्होंने सांसद राहुल गांधी, समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल पर भी निशाना साधा।

उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव हो या राहुल गांधी या अरविंद केजरीवाल, इन लोगों को जनता ने नकार दिया है। इन लोगों को देश की जनता अब पसंद नहीं करती है।

वहीं, मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव में धांधली के आरोप को सिरे से नकारते हुए कहा, यह उनकी हार की खीज है। जनता अखिलेश यादव को नकार चुकी है, इसलिए उनके मन में इस तरह की खीज है। अखिलेश यादव को जनता ने पहले भी नकारा था और अब भी नकारा है।

उन्होंने अरविंद केजरीवाल को भी निशाने पर लिया। बोले, उन्हें इस चुनाव में 16 सीटें भी नहीं मिलने जा रही हैं।

दरअसल, अरविंद केजरीवाल ने आरोप लगाया कि भाजपा ने हमारे 16 उम्मीदवारों को फोन किया है। हमारे विधायकों से कहा गया है कि आप हमारे साथ आ जाएं, हम आपको मंत्री बना देंगे।

इस संबंध में अरविंद केजरीवाल ने अपने सोशल मीडिया एक्स हैंडल पर पोस्ट भी डाला था।

इसमें उन्होंने कहा था, कुछ एजेंसियां दिखा रही हैं कि गाली-गलौज पार्टी की 55 से यादा सीटें आ रही हैं। पिछले दो घंटे में हमारे 16 उम्मीदवारों के पास फ़ोन आ गए हैं कि आप छोड़कर उनकी पार्टी में आ जाओ, मंत्री बना देंगे और हरेक को 15-15 करोड़ देंगे। अगर इनकी पार्टी की 55 से यादा सीटें आ रही हैं तो हमारे उम्मीदवारों को फ़ोन करने की क्या ज़रूरत है? ज़ाहिर तौर पर ये फ़र्ज़ी सर्वे करवाए ही इसलिए गए हैं, ताकि ये माहौल बनाकर कुछ उम्मीदवारों को तोड़ा जा सके। पर गाली-गलौज वालों, हमारा एक भी आदमी नहीं टूटेगा।

**सिद्दारमैया को राहत, कर्नाटक हाईकोर्ट ने 'मुडा' मामले में सीबीआई जांच की मांग वाली याचिका खारिज की**

बेंगलुरु (आरएनएस)। कर्नाटक हाईकोर्ट ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री सिद्दारमैया को बड़ी राहत देते हुए मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) मामले की केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से जांच की मांग वाली याचिका को खारिज कर दिया। यह फैसला न्यायमूर्ति एम. नागप्रसन्ना की अध्यक्षता वाली कर्नाटक उच्च न्यायालय की धारवाड़ पीठ ने याचिका खारिज की। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने 27 जनवरी को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

## 1984 सिख विरोधी दंगे : कांग्रेस के पूर्व एमपी सज्जन कुमार के खिलाफ फैसला टला, अब इस दिन होगी अगली सुनवाई

नई दिल्ली (आरएनएस)। 1984 के सिख विरोधी दंगों से जुड़े सरस्वती विहार मामले में दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट में फैसला टल गया है। राऊज एवेन्यू कोर्ट अब इस मामले में 12 फरवरी को फैसला सुनाएगी।

दरअसल, 1984 के सिख विरोधी दंगों से जुड़े सरस्वती विहार मामले में कांग्रेस के पूर्व सांसद सज्जन कुमार आरोपी हैं। ये मामला 1 नवंबर 1984 का है, जिसमें पश्चिमी दिल्ली के राज नगर इलाके पिता-पुत्र, सरदार जसवंत सिंह और सरदार तरुण दीप सिंह की हत्या कर दी गई थी। शाम में करीब चार से साढ़े चार बजे के बीच दंगाइयों की एक भीड़ ने लोहे की सरियों और लाठियों से पीड़ितों के घर पर हमला किया था।

शिकायतकर्ताओं के अनुसार, इस भीड़ का नेतृत्व कांग्रेस के तत्कालीन सांसद सज्जन कुमार ने किया था, जो उस समय बाहरी दिल्ली लोकसभा सीट का प्रतिनिधित्व कर रहे थे। आरोप है कि सज्जन कुमार ने भीड़ को हमले के लिए उकसाया, जिसके बाद दोनों सिखों को उनके घर में जिंदा जला दिया गया।

इतना ही नहीं, भीड़ ने घर में तोड़फोड़, लूटपाट और आगजनी भी की थी। इस घटना से संबंधित एफआईआर उत्तरी दिल्ली के सरस्वती विहार थाने में दर्ज की गई, 00



प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ मेला 2025 के दौरान त्रिवेणी संगम, गंगा, यमुना और पौराणिक सरस्वती नदियों के संगम के पास महाकुंभ मेला स्थल पर कई टेंटों में लगी आग को बुझाने में जुटे अग्निशमन कर्मी।

## मणिपुर में हथियारों के साथ फुटबॉल मैच का वीडियो वायरल, सुरक्षा एजेंसियों की चिंता बढ़ी

इंफाल (आरएनएस)। मणिपुर में पिछले कुछ समय से हालात ठीक नहीं हैं। इस बीच, एक चौंकाने वाला वीडियो सामने आया है, जिसमें कुछ लोग हाथों में हथियार लेकर फुटबॉल खेलते दिख रहे हैं। वीडियो में दिख रहे हथियार साधारण बंदूकें नहीं हैं, बल्कि एके-47 और अमेरिका की एम-सीरीज़ की असॉल्ट राइफलें हैं।

यह वीडियो सबसे पहले कंगपोकपी जिले के एक सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर के पेज पर दिखाई दिया था। वीडियो में एक पोस्टर भी दिख रहा है, जिसमें जगह का नाम लिखा है ड्ड नोहजांग किपगेन मेमोरियल प्लेग्राउंड, गमनोमफाई गांव। यह गांव मणिपुर की राजधानी से लगभग 30 किलोमीटर दूर है।

वीडियो में दिख रहे खिलाड़ी सनाखांग लिखी हुई फुटबॉल जर्सी पहने हैं। एक खिलाड़ी, जिसके हाथ में एके राइफल है, उसकी जर्सी पर गिना किगपेन और 15 नंबर लिखा है। पोस्टर के अनुसार, यह मैच 20 जनवरी को खेला गया था। सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर नाम्पी रोमियो हैनसांग ने इंस्टाग्राम से हथियारों वाला वीडियो डिलीट कर दिया है। बाद में उन्होंने फुटबॉल मैच का एक छोटा वीडियो पोस्ट किया,

# बॉलीवुड अभिनेता सोनू सूद के खिलाफ अरेस्ट वारंट जारी

मुंबई/लुधियाना (आरएनएस)। बॉलीवुड अभिनेता सोनू सूद की मुश्किलें बढ़ती हुई नजर आ रही हैं। लुधियाना की एक अदालत ने अभिनेता सोनू सूद के खिलाफ 10 लाख रुपये की धोखाधड़ी के मामले में गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। यह वारंट न्यायिक मजिस्ट्रेट रमनप्रीत कौर की अदालत ने जारी किया है।

यह मामला लुधियाना के वकील राजेश खन्ना द्वारा दायर किया गया है, जिसमें मोहित शुक्ला नामक एक व्यक्ति पर 10 लाख रुपये की धोखाधड़ी का आरोप लगाया गया है। वकील खन्ना के अनुसार, मोहित शुक्ला ने उन्हें नकली रिजिका सिक्के में निवेश करने का लालच दिया था, और इस मामले में सोनू सूद को गवाही देने के लिए अदालत ने समन भेजा था।

अदालत ने बताया कि सोनू सूद को इस मामले में गवाही देने के लिए कई बार समन भेजे गए, लेकिन वह एक बार भी अदालत में पेश नहीं हुए। इसके बाद अदालत ने अभिनेता के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी करने का आदेश दिया। यह गिरफ्तारी वारंट मुंबई के अंधेरी पश्चिम स्थित ओशिवारा पुलिस स्टेशन को भेजा गया है, जिसमें पुलिस को सोनू सूद को गिरफ्तार कर 10 फरवरी को अदालत में पेश करने का निर्देश दिया गया है।

अदालत के आदेश में कहा गया है कि सोनू सूद को समन की जानकारी होने के बावजूद वह अदालत में गवाही देने के लिए उपस्थित नहीं हुए, जिसके कारण गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया है। इस मामले की अगली सुनवाई 10 फरवरी को निर्धारित है। खबर लिखे जाने तक, सोनू सूद या उनकी टीम की ओर से इस मामले पर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है।

## परीक्षा पे चर्चा' होगी और भी खास, इस बार पीएम मोदी करेंगे सुंदर नर्सरी में छात्रों से संवाद

नई दिल्ली (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक बार फिर छात्रों के साथ परीक्षा पे चर्चा (पीपीसी) करते दिखाई देंगे। इस बार की चर्चा और भी खास होने वाली है, क्योंकि ये चर्चा राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के सुंदर नर्सरी में होगी। परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम से पहले इससे जुड़ी कुछ झलकियां सामने आई हैं, जिसमें प्रधानमंत्री छात्रों के साथ बातचीत करते नजर आ रहे हैं। 1 मिनट 49 सेकंड के वीडियो की शुरुआत एक छात्रा की आवाज से होती है, वह बताती है कि इस बार एक खुली सी जगह- सुंदर नर्सरी में यह प्रोग्राम होना है। इसके बाद पीएम मोदी वीडियो में दिखाई देते हैं और वह छात्रों से पूछते हैं कि मकर संक्रांति में क्या खाते हैं? इस पर छात्र जवाब देते हैं कि वे तिल-गुड़ खाते हैं। वीडियो में दिखाई देता है कि पीएम मोदी के हाथ में तिल-गुड़ से भरी थाली होती है और वह छात्रों से हंसते हुए कहते हैं कि एक ही लेना ऐसा कोई नियम नहीं है। अगर ज्यादा पसंद है तो और भी खा सकते हैं।




दिल्ली के जंतर-मंतर पर यूजीसी के मसौदा नियमों के खिलाफ डीएमके छात्र विंग के विरोध प्रदर्शन के दौरान लोकसभा नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी डीएमके सांसद कनिमोझी करुणानिधि के साथ।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नई दिल्ली स्थित संसद भवन में भाजपा, जदयू और एनडीए के बिहार सांसदों के साथ समूह फोटो में।

# आसाराम डॉक्यूमेंट्री विवाद पर केंद्र, राज्य सरकारों को सुप्रीम कोर्ट का नोटिस

नई दिल्ली (आरएनएस)। उच्चतम न्यायालय ने डॉक्यूमेंट्री सीरीज 'कल्ट ऑफ फियर- आसाराम बापू' विवाद मामले में डिस्कवरी चैनल कर्मचारियों को कथित तौर पर धमकियां देने के आरोप वाली उनकी याचिका पर केंद्र और अन्य राज्य सरकारों को गुरुवार को नोटिस जारी किया। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने राज्य सरकारों को नोटिस जारी करते हुए उन्हें याचिकाकर्ता शशांक वालिया और अन्य तथा उनके कार्यालयों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया। पीठ ने जिन राज्यों को नोटिस जारी किया उनमें महाराष्ट्र, कर्नाटक, हरियाणा, तमिलनाडु, तेलंगाना, पश्चिम बंगाल और दिल्ली शामिल हैं। याचिका में आरोप लगाया गया है कि 25 जनवरी को उस डॉक्यूमेंट्री के डिस्कवरी चैनल के ओटीटी प्लेटफॉर्म पर शुरू होने के बाद संबंधित कंपनी कर्मचारियों को स्वयंभू संत आसाराम के अनुयायियों द्वारा धमकियां दी जा रही हैं। शीर्ष अदालत में याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिनव मुखर्जी ने कहा कि शिकायत के बाद भी गुंडों की धमकियों के कारण अधिकारियों द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई है। याचिकाकर्ताओं ने दावा किया कि उन्हें वास्तविक आशंका है कि आसाराम बापू के स्वयंभू समर्थकों ने डिस्कवरी, इसकी सहायक कंपनियों, मूल संस्थाओं और इसके कर्मचारियों, प्रबंधन, निदेशकों सहित याचिकाकर्ताओं के खिलाफ हिंसा, बर्बरता या अन्य आपराधिक कृत्यों का सहारा लिया है। इतना ही नहीं वे आगे भी ऐसा करना जारी रख सकते हैं। आसाराम के स्वयंभू समर्थकों की ओर से दी जा रहीं ये धमकियां संविधान के अनुच्छेद 14, अनुच्छेद 19(1)(ए) और (जी) और 21 के तहत याचिकाकर्ताओं के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है। उन्होंने आगे तर्क दिया कि डिस्कवरी द्वारा जारी की गई डॉक्यूमेंट्री सार्वजनिक हित में है, क्योंकि यह एक दोषी व्यक्ति की गतिविधियों पर प्रकाश डालती है। साथ ही, दर्शकों को अंध विश्वास और पंथों के बारे में एक संतुलित दृष्टिकोण देने का लक्ष्य रखती है। उनकी याचिका में कहा गया है, याचिकाकर्ताओं और उनके सहयोगियों द्वारा सामना की जा रही धमकियां और विरोध न केवल रचनात्मक अधिकारों, भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को दबाने के लिए एक असामाजिक तत्व की ओर से एक प्रयास है, जो न केवल लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए हानिकारक है,



अल्लू अर्जुन की यह फिल्म पांच दिसंबर को रिलीज हुई थी और यह 2021 में रिलीज हुई 'पुष्पा- द राइज' का सीक्वल है, जो अपनी कहानी, संगीत और अभिनेताओं के अभिनय से दर्शकों की पसंदीदा फिल्म बन गई। सुकुमार द्वारा निर्देशित फिल्म के दूसरे भाग ने दुनिया भर में बॉक्स ऑफिस पर 1,800 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई की है। अर्जुन ने ''पुष्पा- 2'' के बारे में सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, ''मेरे लिए 'पुष्पा' सिर्फ एक फिल्म नहीं है, मेरे लिए यह पांच साल की यात्रा है और एक भावना है। मैं फिल्म की इस सफलता को अपने सभी प्रशंसकों और अपनी टीम को समर्पित करना चाहता हूं।



# भाग्य लक्ष्मी' में मलिष्का का किरदार निभाएंगी मेघा प्रसाद



जी टीवी के लोकप्रिय टीवी सीरियल 'भाग्य लक्ष्मी' में नई अभिनेत्री मेघा प्रसाद शामिल हुई हैं। शो की मुख्य अभिनेत्री ऐश्वर्या खरे ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर उन्हें बधाई दी। मेघा, मायरा मिश्रा की जगह लेंगी। मिश्रा ने इस धारावाहिक में नेगेटिव किरदार निभाया है। शो से संबंधित हर एक पोस्ट सोशल मीडिया पर शेयर करने वाली अभिनेत्री ऐश्वर्या खरे ने शो में नए सदस्य के स्वागत के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया। इंस्टाग्राम के स्टोरीज सेक्शन पर मेघा प्रसाद की एक तस्वीर शेयर करते हुए ऐश्वर्या खरे ने कैप्शन में लिखा, भाग्य लक्ष्मी की मलिष्का आपका स्वागत है। मैं शो में आपको देखने के लिए उत्सुक हूं। तस्वीर के साथ ऐश्वर्या ने आमिर खान, रानी मुखर्जी और करीना कपूर स्टारर 'तलाश' फिल्म के गाने 'मुस्कानें झूठी हैं' को भी जोड़ा। भाग्य लक्ष्मी का प्रसारण जी टीवी पर होता है, जिसकी कहानी लक्ष्मी, ऋषि और मलिष्का के ईर्द-गिर्द घूमती है। ऋषि और लक्ष्मी की प्रेम कहानी में मलिष्का नई-नई चालें चलती नजर आती है।


इससे पहले शो में लक्ष्मी का किरदार निभाने वाली अभिनेत्री ऐश्वर्या खरे ने शो में मेकअप खुद करने पर बात की थी। अभिनेत्री ने बताया था कि वह अपना मेकअप खुद करती हैं और ऐसा करने से उन्हें गर्व के साथ खुशी भी मिलती है।

ऐश्वर्या ने बताया था कि उनके लिए मेकअप का मतलब सिर्फ अच्छा दिखना नहीं है बल्कि यह खुद के प्रति सच्चे रहने और संतुष्टि के लिए भी जरूरी है और हाथ में ब्रश और बगल में कॉफी का कप लेकर आईने के सामने बैठना अभिनेत्री के दिन की शुरुआत करने के पसंदीदा तरीकों में से एक है।

## बेबी जॉन ने अमेजन प्राइम वीडियो पर दी दस्तक, खर्च करने होंगे 249 रुपये

वरुण धवन, कीर्ति सुरेश, वामिका गब्बी और जैकी श्रॉफ जैसे सितारों से सजी फिल्म बेबी जॉन को बीते साल 25 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था। इस फिल्म से निर्माताओं को काफी उम्मीदें थी, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर यह खास कमाल नहीं दिखा सकी। 180 करोड़ रुपये की लागत में बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 39.5 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। अब बेबी जॉन ने ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर दस्तक दे दी है। बेबी ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर रेंट पर उपलब्ध है। प्राइम वीडियो पर 249 रुपये में यह फिल्म आप रेंट पर ले सकते हैं। ऐसे में जो दर्शक इस फिल्म को सिनेमाघरों में नहीं देख पाए,

# मोनालिसा ने रिवीलिंग ड्रेस पहन कराया बोल्ड फोटोशूट, एक्ट्रेस की तस्वीरों ने मचाई इंटरनेट पर तबाही



भोजपुरी एक्ट्रेस मोनालिसा आए दिन अपने नए आउटफिट में फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा करती रहती हैं। उनका कातिलाना अवतार इंटरनेट पर आते ही अक्सर ताबाही मचाता रहता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने रिवीलिंग ड्रेस पहनकर बेहद ही क्लासी फोटोशूट करवाया है। एक्ट्रेस अपने इस अवतार में बेहद ही स्टनिंग और हॉट नजर आ रही हैं।

एक्ट्रेस मोनालिस हमेशा अपने लेटेस्ट लुक्स की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर फैंस के बीच अपनी कातिलाना अदाओं से कहर बरपाती रहती हैं।

उनका लेटेस्ट लुक इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं, जिसमें वो बेहद ही गॉर्जियस नजर आ रही हैं।

मोनालिसा की लेटेस्ट शेयर की गई तस्वीरों में आप देख सकते हैं उन्होंने ब्लू कलर की रिवीलिंग ड्रेस पहनी हुई है, जिसमें वो एक से बढ़कर एक स्टनिंग अंदाज में पोज देती हुई नजर आ रही हैं। बालों का स्टाइलिश लुक में बन बनाकर, स्मोकी आई मेकअप और कानों में इयररिंग्स पहनकर एक्ट्रेस मोनालिसा ने अपने आउटलुक को बेहद ही शानदार तरीके से निखारा है।

इन फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस मोनालिसा ने कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक सेक्सी अंदाज में पोज देते हुए अपना परफेक्ट फिगर फ्लॉन्ट करते हुए हॉट फोटोज क्लिक करवाई हैं।

मोनालिसा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट भी काफी जबरदस्त है।

## छावा का दिल दहला देने वाला नया पोस्टर जारी, जख्मों से घायल और खून से लथपथ दिखे विक्की कौशल

विक्की कौशल इन दिनों छावा फिल्म को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। इस फिल्म के जरिए वे रश्मिका मंदाना के साथ पहली बार साथ काम करते नजर आएंगे। फिल्म में विक्की छत्रपति संभाजी महाराज की भूमिका निभाएंगे, जबकि रश्मिका मंदाना येसूबाई भोसले की भूमिका में नजर आएंगी। फिल्म का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। वहीं अब विक्की कौशल ने अपना नया लुक जारी किया है, जिसे देख फैंस भी हैरान रह गए।

सिनेमाघरों में फिल्म की रिलीज से पहले अभिनेता ने फिल्म से अपना एक नया इंटेंस पोस्टर शेयर किया है। छावा ने विक्की और रश्मिका के प्रशंसकों के बीच काफी चर्चा बटोरी है और इस नए पोस्टर ने उनकी उत्सुकता को और बढ़ा दिया है। नए पोस्टर में विक्की का दिल दहला देने वाला लुक देखने को मिला, जिसमें अभिनेता पूरी तरह से खून से लथपथ हैं और उनकी शरीर पर अनगिनत चोटों के निशान भी हैं। वहीं, पोस्टर में विक्की को रस्सी से बांधे हुए सैकड़ों सैनिक पीछे की ओर घसीटते नजर आ रहे हैं। विक्की ने पोस्टर को कैप्शन के साथ साझा किया। उन्होंने लिखा, मिलते हैं छावा दिवस पर। विक्की ने 14 फरवरी को छावा दिवस करार दिया है। फिल्म का ट्रेलर पहले ही रिलीज हो चुका है, जिसने फैंस के बीच फिल्म की रिलीज को लेकर उत्सुकता को बढ़ा दिया। ट्रेलर में मराठों और मुगलों के बीच युद्ध के दृश्य दिखाए गए। वहीं, इससे पहले फिल्म का पहला गाना जाने तू रिलीज हुआ। इससे पहले फिल्म के गाने के दृश्य को लेकर ही विवाद शुरू हुआ। दरअसल, हाल ही में फिल्म एक ऐसे दृश्य के कारण विवादों में घिर गई थी, जिसमें मराठा सम्राट छत्रपति संभाजी महाराज को नाचते हुए दिखाया गया था। इस आपत्तिजनक दृश्य के कारण इतिहासकारों और विभिन्न संगठनों ने आपत्ति जताई। कई लोगों ने तो इस ऐतिहासिक ड्रामा पर प्रतिबंध लगाने की भी मांग की। हालांकि निर्माताओं ने उस दृश्य को हटाने का फैसला किया।

# अक्षय कुमार की स्काई फोर्स का बॉक्स ऑफिस पर कब्जा, वर्ल्डवाइड कलेक्शन 150 करोड़ का आंकड़ा पार

स्काई फोर्स जनवरी में रिलीज होने वाली एक और फिल्म है जिसे दर्शकों ने देखा और पसंद किया. यह फिल्म दर्शकों की उम्मीदों पर खरी उतरती दिख रही है. 160 करोड़ के बजट में बनकर तैयार हुई स्काई फोर्स ने दुनियाभर के बॉक्स ऑफिस पर 150 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है और अब 200 करोड़ के क्लब में शामिल होने के लिए आगे बढ़ रही हैं. सच्ची कहानी पर आधारित यह युद्ध ड्रामा वीर पहाड़िया की डेब्यू फिल्म है जिसमें उन्होंने अक्षय कुमार और सारा अली खान के साथ स्क्रीन स्पेस साझा किया है. यह फिल्म घरेलू बॉक्स ऑफिस के साथ-साथ विदेशी बॉक्स ऑफिस पर भी अच्छा प्रदर्शन कर रही है. फिल्म ने 10 दिनों में 150 करोड़ रुपये से ज्यादा की वर्ल्डवाइड कलेक्शन की है.

मेकर्स ने स्काई फोर्स के 10 दिनों का वर्ल्डवाइड कलेक्शन शेयर किया है. फिल्म ने 10 दिनों में दुनियाभर में 153 करोड़ रुपये की कमाई की है. वहीं भारत में इसने 119.5 करोड़ रुपये का नेट कलेक्शन किया है. बॉलीवुड सुपरस्टार अक्षय कुमार की वॉर एक्शन थ्रिलर ने एक सप्ताह में 99.7 करोड़ रुपये का बिजनेस किया था.

8वें दिन 4.6 करोड़ रुपये का बिजनेस करने के बाद फिल्म 100 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार करने में सफल हो गई. 8 दिनों में स्काई फोर्स ने 104.3 करोड़ रुपये कमाए. दूसरे शनिवार और रविवार को इसने क्रमश: 7.4 करोड़ रुपये और 7.8 करोड़ का बिजनेस किया. इस तरह 10 दिनों में स्काई फोर्स का भारत में कुल कलेक्शन119.5 करोड़ रुपये रहा.

दूसरे मंडे टेस्ट में अक्षय कुमार की फिल्म में लगभग 70.91 करोड़ रुपये की गिरावट दर्ज की गई. फिल्म ने 11वें दिन 1.6 करोड़ कमाए. यह सिलसिला रिलीज के 12वें दिन भी देखने को मिला है. 12वें दिन संदीप केवलानी और अभिषेक अनिल कपूर की निर्देशित फिल्म ने लगभग 1.35 करोड़ रुपये कमाए है. इन 12 दिनों के बाद भारत में स्काई फोर्स का कुल कलेक्शन 122.45 करोड़ रुपये हो गए हैं. अक्षय कुमार की वॉर एक्शन थ्रिलर स्काई फोर्स 100 करोड़ रुपये कमाने वाली 2025 की पहली फिल्म है. फिल्म का निर्देशन संदीप केवलानी और अभिषेक अनिल कपूर ने किया है. यह खिलाड़ी कुमार की कोविड-19 महामारी के बाद सूर्यवंशी और ओएमजी 2 के बाद तीसरी 100 करोड़ नेट ग्रॉसर है.

**बॉक्स ऑफिस पर दर्शकों के लिए तरस रही देवा, पांचवें दिन का कारोबार रहा सबसे कम**

अभिनेता शाहिद कपूर की फिल्म देवा से निर्माताओं को काफी उम्मीदें थीं, लेकिन पहले दिन से ही बॉक्स ऑफिस पर इसका हाल-बेहाल है।

यह फिल्म दर्शकों को सिनेमाघरों तक खींचने में नाकाम साबित हुई। फिल्म की रिलीज को 5 दिन हो गए हैं और यह अब तक 25 करोड़ रुपये नहीं कमा पाई। अब देवा की कमाई के पांचवें दिन के भी आंकड़े सामने आ गए हैं,

## जुनैद खान और खुशी कपूर की मोस्ट अवेटेड फिल्म लवयापा की एडवांस बुकिंग शुरू

जुनैद खान और खुशी कपूर की मोस्ट अवेटेड फिल्म लवयापा जल्द ही थिएटर्स में धमाल मचाने वाली है, और एक्साइटमेंट अपने पीक पर है. जबरदस्त ट्रेलर और सुपरहिट गानों ने पहले ही लोगों का दिल जीत लिया है, जिससे फिल्म को लेकर जबरदस्त बज बना हुआ है. अब जब सबको बेसब्री से फिल्म का इंतजार है, तो इंतजार करने की जरूरत नहीं, क्योंकि लवयापा की एडवांस बुकिंग शुरू हो चुकी है. तो फटाफट टिकट बुक कर लो और तैयार हो जाओ प्यार और इमोशंस से भरी इस खूबसूरत जर्नी के लिए.

जुनैद खान, खुशी कपूर और लवयापा की पूरी टीम फिलहाल फिल्म के प्रमोशन में जुटी हुई है और पूरे देश में धूम मचा रही है. फिल्म को लेकर जबरदस्त क्रेज बना हुआ है, और अब ऑडियंस के लिए एक बड़ी खुशखबरी आ गई है, एडवांस बुकिंग ऑफिशियली ओपन हो चुकी है!

# जिम में वर्कआउट के बाद इस वजह से होता है हाथों में दर्द और अकड़न, बचाव के लिए करें ये उपाय



युवाओं में खुद को फिट रखने के लिए जिम जाने का ट्रेंड तेजी से बढ़ रहा है. कई युवा जोश में जिम जाकर एकदम से भारी वजन उठाना शुरू कर देते हैं. इससे उनके हाथों में दर्द और अकड़न होने लगती है. कई बार तो ये समस्या इतनी बढ़ जाती है कि हाथ सीधा करना भी मुश्किल हो जाता है. हैवी वेट के लिए ट्रेंड होने में समय लगता है. इसे धीरे-धीरे करना चाहिए. लेकिन कुछ युवा जिम पहुंचते ही बिना ट्रेनर से सुझाव लिए ही हाथों या बाइसेप्स की एक्सरसाइज करना शुरू कर देते हैं. ऐसे में जिम में वर्कआउट के बाद उनको हाथों को सीधा करने में परेशानी होती है. आइए जानते हैं इसके कारण और बचाव के तरीके.

वर्कआउट के बाद हाथों को सीधा करने में परेशानी क्यों होती है?

जब कोई जिम में नई एक्सरसाइज तेजी से करना शुरू कर देता है तो इससे मांसपेशियों में दर्द होने लगता है. इसी परेशानी को डोम्स कहते हैं.

मांसपेशियों में सूजन

घर या जिम में एक्सरसाइज करते समय उसे ज्यादा बार रिपीट करने से मांसपेशियों में सूजन आ जाती है. या फिर हैवी वर्कआइट या अधिक एक्सरसाइज करने से भी मांसपेशियों में लैक्टिक एसिड बनना शुरू हो जाता है. बार-बार ऐसा करने से वह हिस्सा कठोर होने लगता है. इसकी वजह से वर्कआउट के बाद हाथों को सीधा करने में परेशानी होती है.

कोशिकाएं क्षतिग्रस्त होना

अचानक हैवी एक्सरसाइज करने से बाइसेप्स की मांसपेशियों को सहारा देने वाली कोशिकाएं क्षतिग्रस्त होने लगती हैं. इससे भी दर्द या अकड़न की समस्या हो सकती है.

टेंडिनाइटिस

जो लोग बहुत ज्यादा बाइसेप्स कर्ल, पुल-अप्स या डेडलिफ्ट करते हैं उनमें टेंडिनाइटिस की दिक्कत होने लगती है. इसमें हाथों की टेंडन्स में सूजन आ सकती है. ये वो नसें होती हैं जो मांसपेशियों को हड्डियों से जोड़ती हैं.

वर्कआउट के बाद हाथों में दर्द से कैसे बचें?

वर्कआउट से पहले अच्छी तरह वार्मअप करें.

वर्कआउट करते समय कुछ दिन हल्की एक्सरसाइज करें.

वर्कआउट के बाद हल्की स्ट्रेचिंग और गर्म पानी से स्नान करें.

डाइट में बादाम, केला, पालक को शामिल करें.

# वैलेंटाइन पर अपनी प्रेमिका को दें ये खास तोहफा, हो जाएगी खुश



वैलेंटाइन वीक प्यार और रोमांस का त्योहार होता है. इस दौरान लोग अपने पार्टनर को स्पेशल फील कराने के लिए कई प्रकार के तरीके अपनाते हैं. अक्सर इस अवसर पर लोग अपने पार्टनर को गुलाब, चॉकलेट या टेडी बियर जैसे गिफ्ट देते हैं. लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि आपकी प्रेमिका को कोई ऐसा तोहफा मिले जो उसकी सेहत के लिए बहुत फायदेमंद हो. आज हम आपको कुछ ऐसे हेल्थ केयर गिफ्ट के बारे में बताएंगे जिसे आप अपने प्रेमिका को गिफ्ट कर सकते हैं...

स्मार्टवॉच या फिटनेस बैंड

अगर आपकी पार्टनर फिटनेस को लेकर सचेत है, तो इस वैलेंटाइन पर आप अपने पार्टनर को स्मार्टवॉच या फिटनेस बैंड गिफ्ट कर सकते हैं. ये स्मार्टवॉच स्टेप काउंट, हार्ट रेट मॉनिटर, ब्लड ऑक्सीजन लेवल और कैलोरी ट्रैक करने में मददगार है. इसके साथ ही स्ट्रेस लेवल और स्लीप पैटर्न को मॉनिटर करता है.

स्किन केयर और हेयर केयर किट

महिलाओं को स्किन और हेयर केयर से जुड़ी चीजें काफी पसंद होती हैं. अगर आप वैलेंटाइन वीक पर कुछ ऐसा देना चाहते हैं जो केमिकल फ्री और हेल्दी हो, तो ऑर्गेनिक स्किन केयर या हेयर केयर किट दे सकते हैं. यह केमिकल-फ्री और नेचुरल इंग्रीडिएंट्स से बना होता है. जो त्वचा और बालों को हेल्दी बनाता है.

योगा मैट और मेडिटेशन किट

अगर आपकी पार्टनर योगा या मेडिटेशन करना पसंद करती हैं, तो आप इस मौके पर एक योगा मैट या मेडिटेशन किट गिफ्ट कर सकते हैं. जो उन्हें मेंटल और फिजिकल हेल्थ को बैलेंस करने में मदद करेगा. नियमित योग करने से स्ट्रेस रिलीफ में मदद मिलेगी और फिटनेस भी अच्छी रहेगी.

## शब्द सामर्थ्य -319


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. कतार, क्रम, पांत 2. लज्जत, जायका 4. कारण, वजह 7. सुंदर प्रतीत होना, सुखद होना 8. घोड़े आदि का मल 9. अक्सर, ज्यादातर 10. चक्की में पीसना, मसलना, कुचलना 12. धनुष, फौजी टुकड़ी 13. आभूषण, जेवर 15. लहरों का चक्कर, जलावर्त, भ्रमर 17. बायां, विरुद्ध 18. गाना, नगमा 19. लाचार, विवश 22. नमन, प्रणाम 25. चौकी, थाना 26. इकरार, समझौता, ठेका 27. अधिकार होना, सामर्थ्य होना (मुहा.)।

**ऊपर से नीचे**

1. एक प्रदेश जिसकी राजधानी चंडीगढ़ है 2. हविर्दान के समय उच्चारित एक शब्द, भष्म 3. दन-दन करते हुए 5. बलशाली, बलवाला 6. परिवर्तित करना, पहले से भिन्न हो जाना 7. चांद, चंद्रमा, रजनीश 11. अप्रिय, अरुचिकर 14. मैं का बहुवचन 15. भंगेड़ी, भंग करने वाला, झाड़ू लगाने तथा मैला साफ करने वाला 16. मातृभूमि, स्वदेश 19. मक्खन, माखन 20. बुढ़ापा, धन, ज्वर 21. टालना, हटाना, बहाना करके हटाना 23. सीमा, हद 24. सौ का पांचवां हिस्सा 25. घोड़े के पैरों में लगाने का लोहे का टुकड़ा, पौधे आदि का डंठल।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 318 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वि | ज | य | ■ | ब | नि | या | ■ | दे |
| वा | ■ | ती | त | र | ■ | रा | जी | व |
| ह | मा | म | ■ | स | प | ना | ■ | ता |
| ■ | न | ■ | ■ | ■ | टा | ■ | ■ | ■ |
| दा | व | त | ■ | वि | ना | श | ■ | अ |
| य | ■ | ह | त्या | ■ | ■ | ह | जां | ना |
| रा | ह | त | ■ | न | ज | र | ■ | व |
| ■ | वा | ■ | ■ | ■ | मी | ■ | ना | श्य |
| दु | ला | रा | ■ | जा | न | की | ■ | क |



जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना घमापुर में रात्रि श्रीमती सोनिया बेन उम्र 22 वर्ष निवासी न्यू कछियाना मंगल पराग ग्राउण्ड घमापुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी शादी सागर बेन निवासी न्यू कछियाना मंगल पराग ग्राउण्ड घमापुर से वर्ष 2021 में हिन्दू रीति रिवाज से हुयी है उसका सात माह का बेटा देवांश है उसका पति सागर बेन किसी अन्य से फोन से बात करता है इसी बात के विवाद पर शाम लगभग 6 बजे पति ने उसके साथ हाथ मुक्कों से मारपीट की पति आये दिन शारीरिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित करता है मारपीट से उसका हाथ, गाल, पीठ में चोट आई है।



# फर्जीवाड़ा करने वाले रैकेट को पहचाने और उन पर तगड़ी कार्यवाही करें-कलेक्टर सक्सेना





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। कलेक्टर दीपक सक्सेठना की अध्यनक्षता में आज राजस्व- अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। जिसमें राजस्वद महाअभियान की समीक्षा करते हुए उन्हों ने नक्शाक बटांकन, आधार से आरओआर लिंकिंग, फार्मर रजिस्ट्री , बंटवारा, नामांतरण, सीमांकन तथा आरसीएमएस में दर्ज प्रकरणों की तहसीलवार समीक्षा की। उन्हों्ने सभी एसडीएम व तहसीलदारों को निर्देशि?त किया कि राजस्वक महाअभियान अंतर्गत सभी कार्यों में प्रगति लायें, इसमें लापरवाही बिल्कुयल बर्दाश्तव नहीं की जायेगी। इसके साथ ही कहा कि सीएम हेल्प लाईन के प्रकरणों को गंभीरता से लें और उनका निराकरण करें। प्रकरणों के निराकरण से जिले की रैंकिंग में सुधार होगी। इस दौरान कलेक्टंर श्री सक्सेरना ने एक-एक प्रकरणों की समीक्षा कर उनके निराकरण के निर्देश दिये। इसके साथ ही कहा कि धारणाधिकार के प्रकरणों के निराकरण करने के निर्देश दिये। उन्हों ने कहा कि सभी पटवारी अपने मुख्यारलय में रहे और सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक कार्य करें और जो पटवारी कार्य नहीं करते हैं उनका नो वर्क नो पे के आधार पर वेतन कटेगा। कलेक्टर श्री सक्सेना ने कहा कि जबलपुर में फर्जी दस्ताोवेजों के आधार पर जाति प्रमाण पत्र बनाने के लिए डिजीटल साईन किये जाने के मामले सामने आये हैं, इसमें कहीं न कहीं आफिस में संलग्न लोगों का हाथ हो सकता है, अत- उन्होंमने कहा कि ऐसे व्येक्तियों को चिन्हित करें और उन पर कार्यवाही सुनिश्चित करें एवं तुरंत एफआईआर भी दर्ज करायें। सिर्फ जाति प्रमाण पत्र ही नहीं, फर्जी रजिस्ट्री्, फर्जी लोन फर्जी दस्ता वेज बनाने आदि में फर्जीवाड़ा करने वाले रैकेट को पहचाने और उन पर तगड़ी कार्यवाही करें। कलेक्टरर श्री सक्से ना ने कहा कि प्राथमिकता के विषयों में तत्प रता से कार्य करें। सीएम हेल्परलाईन, आधार से आरओआर लिंकिंग, आरसीएमएस में दर्ज प्रकरण व राजस्वा महाअभियान के घटकों पर सभी राजस्वल अधिकारी ध्यानि केन्द्रित कर प्रकरणों का निराकरण करें। इस अवसर पर अपर कलेक्टटर सुश्री मिशा सिंह, श्री नाथूराम गौड़ सहित सभी राजस्व अधिकारी मौजूद थे।

**रायपुर एक्सप्रेस वे से जबलपुर को जोड़ने हुआ विकल्पों पर विचार लोक निर्माण मंत्री के प्रयास से नए मार्ग हेतु सर्वे प्रारम्भ**

## जबलपुर- भोपाल के बीच बनेगा हेतु नया हाई स्पीड फोरलेन मार्ग-मंत्री राकेश सिंह



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। जबलपुर और भोपाल के बीच नए हाई स्पीड मार्ग की आवश्यकता को देखते हुए लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह लगातार प्रयासरत थे और पिछले दिनों भोपाल में हुए इंडियन रोड कांग्रेस के सम्मलेन में पधारे केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री श्री नितिन गडकरी जी से लोक निर्माण मंत्री श्री सिंह ने जबलपुर के दो मार्गो पर चर्चा की थी जिनमें पहला मार्ग जबलपुर से भोपाल के बीच में नया हाई स्पीड फोर लेन मार्ग और दूसरा लखनादौन रायपुर एक्सप्रेस वे से जबलपुर को जोड़ने हेतु चर्चा हुई थी। इस पर केंद्रिय मंत्री श्री नितिन गडकरी ने नए मार्ग की डीपीआर बनाने के निर्देश जारी कर दिए है। लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह ने बताया कि प्रसन्नता की बात है कि जबलपुर से भोपाल के बीच नया हाई स्पीड फोर लेन मार्ग बनाए जाने हेतु मंत्री श्री गडकरी जी के निर्देश पर हृद्ध ने डीपीआर हेतु आदेश जारी कर दिया है। आने वाले समय में डीपीआर के माध्यम से जबलपुर भोपाल के बीच शॉर्टेस्ट रोड के विकल्प की तलाश होगी और उसके उपरांत आगे की कार्यवाही शुरू होगी। श्री सिंह ने बताया लखनादौन रायपुर एक्सप्रेस वे से जबलपुर को जोड़ने हेतु भी मंत्री श्री गडकरी जी ने निर्देश जारी किए है और इस मार्ग के विभिन्न विकल्पों हेतु आज हृद्ध द्मद्ग अधिकारियों के साथ बैठक की है। बैठक में मार्ग के विकल्प पर चर्चा हुई है और चार से पांच वैकल्पिक मार्गो पर विस्तृत चर्चा हुई है। बैठक में मंत्री श्री सिंह ने सुझाव दिया है कि एक्सप्रेस वे से जबलपुर को जोड़ने हेतु यदि मार्ग को मंडला जिले से जोड़ा जाता है तो विशाखापत्तनम और रायपुर के लिए एक नया मार्ग उपलब्ध होगा और जनजातीय क्षेत्रों में विकास की धारा भी बहेगी। श्री सिंह ने कहा सभी विकल्पों पर चर्चा के बाद आगे की कार्यवाही की जायेगी। श्री सिंह ने कहा है प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के विजनरी नेतृत्व और माननीय गडकरी जी के मार्गदर्शन में सड़कों का जाल मप्र में बहुत तीव्र गति से बन रहा है और उस दिशा में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी के नेतृत्व में प्रदेश की भाजपा सरकार कदमताल कर रही है जिसके सकारात्मक परिणाम हमे निकट भविष्य में देखने मिलेंगे।

## पमरे ने दस माह में 1173 कोचों और 5720 वैगनों की मरम्मत की

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। पश्चिम मध्य रेल के भोपाल एवं कोटा स्थित रेल कारखानों में कोचों/वैगनों का पीरीयोडिक ओवर हालिंग का कार्य किया जाता है।? दोनों कारखानों के मुख्य कारखाना प्रबंधक के मार्गदर्शन में अनुरक्षण डिपो में कोचों/वैगनों का अनुरक्षण करके अच्छा प्रदर्शन किया है। चालू वित्तीय वर्ष के अप्रैल से जनवरी यानि दस माह में सीआरडब्लूएस/भोपाल एवं डब्लूआरएस/कोटा दोनों कारखानों में कुल 6,893 कोचों/वैगनों का पीरियोडिक ओवर हॉलिंग किया गया, जिसमें सवारी डिब्बा पुर्ननिर्माण कारखाना भोपाल ने 1173 कोचों का अनुरक्षण किया तथा कोटा वैगन रिपेयर वर्कशॉप ने 5720 वैगनों का अनुरक्षण कार्य किया। अकेले जनवरी माह कि बात करे तो दोनों कारखानों ने 118 कोचों और 566 वैगनों सहित कुल 684 कोचों/वैगनों का पीरियोडिक ओवर हॉलिंग कर मरम्मत किया गया। इस प्रकार दोनों कारखानों ने रेलवे बोर्ड द्वारा निर्धारित लक्ष्य से अधिक कोचों/वैगनों का पीओएच आउटटर्न किया है।

पिरियोडिक ओवर हॉलिंग (पीओएच) के दौरान निम्न कार्य किये जाते हैं ः-

* कोच और वैगन के बॉडी और अंडर गियर की मरम्मत की जाती है, जिससे परिचालन में सरंक्षा सुनिश्चित की जा सके।

* कोचों और वैगनों के नीचे ट्रॉली, बोगी के सभी पाट्र्स की मरम्मत की जाती है, जो सरंक्षा की दृष्टि से अति महत्वपूर्ण है।

* एयर ब्रेक सिस्टम के सभी पार्ट एवं वैगनों और कोचों के दोनों ओर के बफ़र की मरम्मत की जाती है जिससे सरंक्षा में बढ़ोत्तरी एवं जर्क फ्री राइडिंग का अनुभव होता है।

* व्हील और एक्सल की मरम्मत एवं रखरखाव किया जाता है, जिससे सुरक्षा में इजाफा होता है।

# मंथनश्री एवं पाथेय का आयोजन सामाजिक प्रेरणा का सृजन





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। डॉ. सुमित्र ने शिक्षा, कला, साहित्य, पत्रकारिता में अप्रतिम योगदान दिया। उनके व्यक्तित्व-कृतित्व के संस्मरण पीढ़ियों को मार्गदर्शित करेंगे। संतोष नेमा द्वारा डॉ सुमित्र के संस्मरण प्रकाशन का यह कार्य स्तुत्य है। उन्होंने संस्मरण संकलन के साथ अधरों पर मुस्कान दोहाकृति के माध्यम से जीवन-दर्शन और अध्यात्म के विविध पक्षों पर सकारात्मक सृजन किया है। उनका सृजन समाज के लिए प्रेरक प्रभावी सृजन है।

तदाशय के उद्गार मंथनश्री एवं पाथेय संस्था के तत्वावधान में आयोजित संतोष नेमा संतोष की दो कृतियां सुमित्र संस्मरण एवं अधरों पर मुसकान का विमोचन करते हुए अतिथियों ने व्यक्त किए।

समारोह के मुख्य अतिथि श्री मदन तिवारी वरिष्ठ समाजसेवी थे। अध्यक्षता आचार्य भगवत दुबे ने की। विशिष्ठ अतिथि विजय बागरी, अमरेन्द्र नारायण, प्रतुल श्रीवास्तव थे। मुख्य अतिथि ने कहा कि डॉ.सुमित्र के सृजन में जीवन का सौंदर्य भाव समाहित है,उनके व्यक्तित्व की आभा ने पीढ़ियों को दिशा दी। आचार्य भगवत दुबे ने संतोष नेमा के दोहों के प्रेरक प्रभावी पक्ष पर प्रकाश डाला।

इनका हुआ सम्मान

समारोह में श्री अशोक मनोध्या, पं. संतोष शास्त्री, डॉ. विजय तिवारी किसलय, डॉ. सलमा जमाल, मदन श्रीवास्तव, अर्चना द्विवेदी, डॉ. गोपाल दुबे, रूपम वाजपेयी, कविता नेमा को सम्मानित किया। कु.आराध्या प्रियम को उनकी उपलब्धियों के लिए अभिनंदित किया गया। अतिथियों के साथ राजेश पाठक प्रवीण,राजेन्द्र मिश्रा,सुभाष शलभ,संदीप जैन,प्रभा विश्वकर्मा, प्रीति नामदेव,गणेश प्यासा,संगम त्रिपाठी, डॉ हर्ष तिवारी,ने सम्मानित किया।पाथेय से रश्मि पाठक ने श्री नेमा जी की प्रथम कृति क्रय की।अपनी डांस फेमिली से दीप्ति उपाध्याय, शैलजा एवं अपर्णा ने गणेश वंदना नृत्य प्रस्तुत किया।आभार आशुतोष तिवारी ने व्यक्त किया। समारोह में इरफान झांसी, महेश स्थापक, दिवाकर शर्मा, डॉ. सुरेंद्र लाल साहू,छाया सिंह, छाया, त्रिवेदी, मीना भट्ट,वंदना सोनी, विनीता पैगवार,डॉ अनिल कोरी,अतुल तिवारी, लवसिंह मिश्रा, डॉ.अरविंद झिगरन,सुभाष जायसवाल,विजय जायसवाल, पुरुषोत्तम भट्ट,संदीप नेमा, राकेश सुषमा, स्वाति,सरिता,मनोहर सोनी,उमेश,चंद्रभान नेमा,महेश राय,आदि ने श्री नेमा को सम्मानित किया।

## जिला जुजित्सु संघ का हुआ गठन, अध्यक्ष राजकुमार यादव महासचिव जयराज चौधरी चुने गए



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। जिला जुजित्सु संघ की कार्यकारिणी का हुआ गठन,4 उपाध्यक्ष, अध्यक्ष, महासचिव, कोषाध्यक्ष एवं दो सदस्यों का हुआ चयन,मदन महल स्थित रॉक फोर्ड सोफ्टसोल कम्प्यूटर एकेडमी स्थित जुजित्सु मार्शल आर्ट एकेडमी में दिनांक 09 फरवरी 2025 को जबलपुर जिला जुजित्सु संघ का हुआ चुनावी प्रक्रिया सम्पन्न जिसमें सभी सदस्यों ने सर्वसहमति से अध्यक्ष पद पर श्री राजकुमार यादव, उपाध्यक्ष पद पर श्री प्रकाश यादव,विजय पांडे, मुकेश सोनी,पवन कुमार कनौजिया के साथ महासचिव पद पर जयराज चौधरी कोषाध्यक्ष पद पर श्रीमती बीना यादव, संयुक्त सचिव मोहित यादव, सहसचिव शशांक सिंह ठाकुर व तकनीकी निदेशक रविराज चौधरी मीडिया प्रभारी आकाश पांडे को सभी सदस्यों ने सर्वसहमति से चुना। चुनावी प्रक्रिया के दौरान चयनित अध्यक्ष राजकुमार यादव उपाध्यक्ष प्रकाश यादव ने बताया कि इस खेल विधा को शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के हर ब्लॉक स्तर पर इसका प्रशिक्षण शिविर लगाकर इस खेल को ज्यादा से ज्यादा खिलाड़ियों को जोड़कर मध्यप्रदेश शासन की खेल योजनाओं का लाभ दिलाने का कार्य किया जाएगा । खिलाड़ी एवं सदस्यों ने पदाधिकारियों का मुख मिष्ठान कर शुभकामनाएं व्यक्त की ।

### आयुर्वैदिक काढा का निशुल्क वितरण बड़े फुहारा पर आज से



जबलपुर- जबलपुर सर्दी जुकाम बुखार खांसी के लिए निशुल्क आयुर्वेदिक काढा का वितरण 10 फरवरी से 20 फरवरी तक बड़े फुहारा खुन्नेलाल एंड कंपनी आयुर्वेदिक दवाई की दुकान में प्रात: 9ः00 बजे से रात के 9ः00 बजे तक निशुल्क वितरण किया जाएगा एक चम्मच काढ़ा तुलसी की पत्ती मिलकर उबालकर छानकर पीने से फायदेमंद होता है उपस्थिति की अपील स्पर्श अग्रवाल संस्कार अग्रवाल ने की है

## आखिर कब तक अध्यापकों की क्रमोन्नति लगेगी

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मध्यप्रदेश राज्य अधिकारी कर्मचारी संघ जिला शाखा जबलपुर द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार शासन के निर्देशानुसार 12 एवं 24 वर्षीय क्रमोंनती सूची का प्रकाशन किया गया था जिसमें पात्रता रखने वाले सभी अध्यापकों के सभी आवश्यक दस्तावेज लगे हुए थे किंतु जिला प्रशासन की त्रुटि पूर्ण सूची प्रकाशन में कुछ अध्यापकों के नाम सूची में नहीं आने का कारण किसी की गोपनीय चरित्रावाली नहीं लगी तो किसी के अन्य कागजात नहीं लगे कहा जा रहा है जबकि सच यह है कि अनेकों बार संकुल में जानकारियां जमा करने के बावजूद शायद जानबूझकर कुछ ना कुछ कागजात अलग करकर सूची में नाम नहीं दिया जाता ,जैसे तैसे कागजात पूरा करके पुनः जमा किये गये तो अब कहा जा रहा है कि जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय चले जाइए और डीलिंग क्लर्क से मिल लीजिए जो कुछ भी त्रुटि या कमी होगी वहां पर पता चल जाएगी और दूर हो जाएगी। प्रदेश के लगभग अन्य सभी जिलों में अध्यापकों को क्रमोंनती मिल गई है एवं उनका वेतन निर्धारण भी हो गया है एवं बढ़े हुए वेतन की राशि भी मिलने लगी है, किन्तु जबलपुर जिला के अध्यापकों की क्रमोन्नति का कार्य शत् प्रतिशत नहीं हुआ ।

मध्यप्रदेश राज्य अधिकारी कर्मचारी संघ के दिलीप सिंह ठाकुर, भास्कर गुप्ता, राशिद अली, विश्वनाथ सिंह, कल्पना ठाकुर, पुष्पा रघुवंशी, आकाश भील, सतीश खरे, दुर्गेश खातरकर, अजब सिंह, सुल्तान सिंह, इमरत सेन, रेनू बुनकर इत्यादि ने जिला प्रशासन से मांग है,कि प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षकों की 12 एवं 24 वर्षीय क्रमोन्नति की दूसरी सूची का प्रकाशन अतिशीघ्र निर्विघ्न करें।

### 12 वर्ष में पेंशन सारांशिकृत न किए जाने के मामले तथा पीवी रेडी कमीशन की रिपोर्ट लागू न करने की मामले में मध्य प्रदेश शासन को नोटिस जारी चार सप्ताह जवाब पेश करने को कहा

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। 12 वर्ष में पेंशन सारांशिकृत न किए जाने के मामले तथा पीवी रेडी कमीशन की रिपोर्ट लागू न करने की मामले में मध्य प्रदेश शासन को नोटिस जारी चार सप्ताह जवाब पेश करने को कहा मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधीश डी डी बंसल की एकल पीठ ने सेवा निवृत सब इंजीनियर रमेश कुमार यादव एवं अन्य की याचिका में नोटिस जारी किए ही आवेदक की ओर से अधिवक्ता दिनेश उपाध्याय ने न्यायालय में बताया कि आवेदक गण सेवा निवृत कर्मचारी हैं तथा पिछले 12 वर्षों से पेंशन प्राप्त कर रहे हैं भारत सरकार के निर्देश पर पीवी रेड्डी कमीशन ने एक रिपोर्ट प्रस्तुत की थी जिसके तहत पेंशन सारांशिकरण की अवधि 15 वर्ष से घटकर 12 वर्ष किए जाने की अनुशंसा की थी जिसके आधार पर विभिन्न राज्य सरकारों इस संबंध में दिशा निर्देश जारी कर उक्त रिपोर्ट के आधार पर पेंशन सारांशिकरण किया है किंतु मध्य प्रदेश शासन उक्त रिपोर्ट का पालन नहीं कर रही है जिस कारण से आवेदक एवं प्रदेश के पेंशनरों को आर्थिक हानि हो रही है तथा कम पेंशन प्राप्त हो रही है तथा उनके द्वारा ली गई राशि से अधिक राशि वसूली जा रही है जो की नियम विरोध है तर्कों से सहमत होते हुए माननीय न्यायालय नोटिस जारी कर जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए

## जबलपुर रेल मंडल में अंतर विभागीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। पश्चिम मध्य रेल के जबलपुर मंडल में दिनांक 09.02.2024 को 3 क्रिकेट मैच खेले गए इसमें पहले मैच में ऑपरेटिंग ने ज्ञ्रऋ को 7 विकेट से हराया ऑपरेटिंग की ओर से शहजाद ने 35 ऋह्ठ बनाए और अपनी टीम को और अपनी टीम को जीत दिलाई वही दूसरा मैच स्र्ञ और मेडिकल के बीच में खेला गया मेडिकल ने पहले बैटिंग करते हुए 54 रन बनाए और स्र्ञ ने 4 ओवर में ही पूरा कर लिया स्र्ञ की ओर से वसीम ने 26 रन बनाए और अपनी टीम को जीत दिलाई वही आज का तीसरा अंतिम मैच अकाउंट और टीआरएस एनकेजे के बीच खेला गया जिसमें टीआरएस ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए ताबड़तोड़ 103 रन बनाए और इस मैच में एक अर्ध शतक राहुल यादव के नाम पर आया 20 बॉल में 60 रन सात छक्के और चार चौक योगदान रहा और इस मैच सहायक वित्त प्रबंधक मोहम्मद शाहिद हुसैन ने खिलाड़ियों से मिलकर उनका परिचय लिया। आज के मैच के अंपायर रहे श्री विक्रमजअंसारी श्री कैलाश यादव श्री हसन अली श्री असलम अली श्री गुलाम गौस अंतर विभागीय प्रतियोगिता में खेलकूद अधिकारी श्री सुबोध विश्वकर्मा वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधन श्री रजनीकांत साहू सहायक वित्त प्रबंधन प्रशांत अहिरवार सहायक कार्मिक अधिकारी सचिपति नंदनमंडल खेलकूद सचिव सुबोध मुकुन्द गोसावी रोशन यादव रामदयाल सनोदिया गणेश श्रीवास्तव एवं अन्य उपस्थित थे।

**पीएम व राष्ट्रपति को भेज पत्र**

## अमेरिका द्वारा प्रवासी भारतीयों का अपमान निंदनीय- भारत सरकार कड़ा विरोध दर्ज कराए

तालिब हुसैन

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। देश व समाज की भलाई के लिए सक्रिय मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन ने प्रवासी भारतीयों को हथकड़ी लगाकर अमानवीय तरीके से भारत लाने को घृणित व शर्भनाक बताया है. संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अमित सिसोदिया, जबलपुर शहर अध्यक्ष डॉ. अजय वाधवानी, एड. भावना निगम, एड. आशीष त्रिपाठी,डॉ. अभिजीत जैन, डॉ. आशीष डेंगरा, डॉ. दिगंत पाठक, डॉ. पीयूष जैन, एड. रोशन मंध्यानी, एड. आशुतोष चतुर्वेदी, एड. विवेक शुक्ला, कमरुल इस्लाम खान, डॉ. अभिषेक जैन, रिया जैन आदि ने प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति, विदेश मंत्री व गृह मंत्री को पत्र भेजकर कहा है कि हाल ही में अमेरिका द्वारा प्रवासी भारतीय नागरिकों का जिस तरह से अपमान किया गया है उससे हर भारतीय शर्मसार हुआ है. पत्र में कहा गया है कि भारत सरकार को इस मामले में अमेरिकी राजदूत को तलब कर कड़ा विरोध दर्ज कराना चाहिए ताकि इस तरह का कृत्य दुबारा ना हो.



**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** थाना खमरिया में अभिषेक सिंह उम्र 18 वर्ष निवासी साकेत कालोनी तिघरा ने लिखित शिकायत की कि 2 माह पूर्व उसके गांव के उत्कर्ष नामदेव ने उससे पूछा कि क्या तुम्हे पैसे की जरूरत है, तो उसने कहा हाॅ है तो उत्कर्ष ने कहा कि पैसे चाहिये तो इस बात के लिए तुम्हे खाता खुलवाना पडेगा एवं कहा कि मै शेयर मार्केट में काम करता हूं और उसमे खातों की जरूरत पडती है, तो वहं तैयार हो गया उत्कर्ष ने उससे आधारकार्ड एंव पैनकार्ड मांगा और पिपरिया बैंक ले जाकर उसका खाता खुलवाया

# जबलपुर में सायबर ठगों ने फिर फैलाया जाल, कालेज की छात्राओं को फीस जमा करने कर रहे कॉल



**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** जबलपुर में सायबर ठगों ने फिर एक नया जाल फैलाया है. जिसके चलते वे अब कालेज की छात्राओं को फोन करके कह रहे है कि एकाउंट विभाग से बोल रहे है, फीस जमा करे नहीं तो टीसी दे दी जाएगी. इसके लिए एक लिंग भेज रहे है इसपर फीस भर दें. खासबात तो यह है कि ठगों ने इस तरह के कॉल कालेज की टीचर को भी कर दिए, जिससे ठगों का शिकार होने से छात्राएं बच गई. हालांकि एक छात्रा ने 8 हजार रुपए गवां दिए है. बताया गया है कि सिविक सेन्टर स्थित माता गुजरी कालेज में की छात्राओं को इस तरह के मैसेज पिछले कुछ दिनों से लगातार आ रहे थे. छात्राओं ने लिंक को क्लिक करने के बजाय अपने कालेज में जाकर जानकारी हासिल की तो पता चला कि इस तरह का कोई भी मैसेज एकाउंट विभाग से नही किया गया है. छात्राओं ने जब इस बात की जानकारी अपनी टीचर को दी तो पता चला कि टीचर को भी इस तरह का मैसेज आया था. इसके बाद प्रिसिंपल को जानकारी देते ओमती थाना में शिकायत की गई है. खबर है कि कॉलेज की एक छात्रा जरूर साइबर ठगों की गिरफ्त में फंस कर 8 हजार रुपए गंवा चुकी है. छात्राओं का कहना है कि मोबाइल फोन पर पिछले तीन-चार दिनों से अलग अलग नम्बरों से फीस जमा करने के लिए इस तरह के कॉल रहे है. फोन करने वाला व्यक्ति स्वयं को कालेज का एकाउंटेट अधिकारी अंकित बर्मन बता रहा है.

माता गुजरी बाई कॉलेज में पदस्थ टीचर भारती तिवारी के पास शुक्रवार को साइबर ठग का कॉल आया था. एनसीसी ऑफिसर भारती तिवारी ने बताया कि अनजाने नंबर से आए कॉल को रिसीव करने पर सामने वाले व्यक्ति ने खुद को माता गुजरी कॉलेज का अकाउंट ऑफिसर अंकित बर्मन बताते हुए फीस जमा करने का दबाव बनाया. भारती ने तुरंत कॉल कट किया और 1930 पर फोन कर शिकायत दर्ज करवाई. वहीं कालेज प्रबंधन का कहना है कि कालेज की फीस ऑन लाइन जमा नहीं होती है. यह बात कालेज की छात्राएं अच्छी तरह से जानती है जिसके चलते वे ठगी का शिकार नहीं हो पाई है.

उन्होने इस तरह के कॉल पर ध्यान नहीं दिया है. मामले को पुलिस अधिकारियों ने गंभीरता से लिया है, उनका कहना है कि जिन नम्बरों से फोन आया है उसकी जांच शुरु कर दी गई है. जल्द ही आरोपी सलाखों के पीछे होगे. गौरतलब है कि करीब पांच माह पहले जबलपुर के एक कालेज मानकुंवर बाई गवर्नमेंट गर्ल्स कॉलेज की छात्राओं के साथ पांच माह पहले पोर्न वीडियो भेजकर ब्लैकमेलिंग की गई थी. तब कॉलेज की 70 से ज्यादा छात्राओं को 4 दिन से वॉट्सऐप पर अश्लील वीडियो और मैसेज भेजे गए थे.

## सोने चांदी के जेवर चुराने वाले आरोपी की तलाश

जबलपुर.- थाना गोसलपुर में श्रीमती चंद्रकान्ता तिवारी उम्र 55 वर्ष निवासी सिवनी रोड चट्टी लखनादोन जिला सिवनी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि अपने देवर लीलाधर तिवारी की लड़की की शादी में शामिल होने जेठ कल्लू तिवारी, बहन गिरजा के साथ गोसलपुर आयी थी उसी रात में लगभग 11-30 बजे से 12 बजे तक प्रोग्राम चलता रहा बाद मे सभी लोग सो गये थे

# मेडिकल के रिटायर्ड डीन की कार में पथराव, जान से मारने की धमकी



**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** जबलपुर स्थित नया गांव रामपुर रोड पर मेडिकल कालेज से रिटायर्ड डीन आरके शुक्ला की कार में मोटर साइकल सवार बदमाश ने जान से मारने की धमकी देते हुए पथराव कर दिया. कार में पथराव होते देख श्री शुक्ला कार के अंदर ही बैठ गए, जिससे उन्हे चोट नहीं आई. पुलिस ने डाक्टर शुक्ला की रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर बाइक सवार बदमाश की तलाश शुरु कर दी है. पुलिस के अनुसार नया गांव रामपुर निवासी डाक्टर आरके शुक्ला मेडिकल कालेज के डीन रहे. रिटायर्ड होने के बाद उन्होने निजी अस्पताल में प्रेक्टिस शुरु कर दी. वे अपनी कार से अस्पताल जाने के लिए निकला, जलपरी के पास मोटर साइकल सवार बीच सड़क पर किसी अन्य कार सवार से बात कर रहा था. उन्होने साइड पाने के लिए हार्न बजाया, इस बात पर मोटर साइकल सवार युवक भड़क गया और उसने डाक्टर शुक्ला के साथ अभद्रता करना शुरु कर दिया. उन्होने समझाइश देने की कोशिश की तो जान से मारने की धमकी देते हुए कार में पथराव कर दिया. जिससे कार के कांच क्षतिग्रस्त हो गए, राह चलते लोगों की भीड़ देखकर मोटर साइकल सवार धमकी देते हुए भाग गया. डाक्टर शुक्ला ने घटना की जानकारी रामपुर चौकी पुलिस को दी. पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज निकालकर बदमाश की तलाश शुरु कर दी है.

## शहपुरा में हृदय विदारक हादसा

# ट्रेक्टर-ट्राली ने बाइक सवार भाई-बहन को कुचला, एक की मौत




**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** जबलपुर स्थित शहपुरा रोड पर उस वक्त चीख पुकार मच गई. जब ट्रैक्टर-ट्राली ने मोटर साइकल सवार भाई-बहन को टक्कर मारकर कुचल दिया. हादसे में महिला के शरीर पर गंभीर चोटें आने के कारण मौके पर मौत हो गई. वहीं युवक के शरीर पर गंभीर चोटें आई है, जिसे उपचार के लिए शासकीय अस्पताल पहुंचाया गया. जहां पर युवक की हालत गंभीर बनी हुई है.

पुलिस के अनुसार ग्राम क ड़िया करेली निवासी सीमा व्यास उम्र 40 वर्ष अपने मायके सिंगोरी आई थी. सीमा को आज सुबह भाई दीपक शुक्ला रेलवे स्टेशन छोडने़ मोटर साइकल से निकला. दीपक जब रेवा शुगर मिल के सामने से गुजर रहा था, इस दौरान पीछे से आए ट्रैक्टर-ट्राली ने टक्कर मार दी. ट्रैक्टर-ट्राली की टक्कर लगते ही दोनों मोटर साइकल सहित सामने की ओर गिरे, जिन्हे कुचलते हुए ट्रैक्टर-ट्राली निकल गई. हादसे में सीमा के शरीर पर गंभीर चोटें आने के कारण मौके पर मौत हो गई. वहीं दीपक के शरीर पर गंभीर चोटें आई. राह चलते लोगों ने देखा तो चीखते हुए पहुंच गए, जिनकी सूचना पर पहुंची पुलिस ने खून से लथपथ भाई-बहन को उपचार के लिए शासकीय अस्पताल पहुंचाया. जहां पर डाक्टरों ने जांच के बाद सीमा को मृत घोषित कर दिया. वहीं दीपक की हालत को देखते हुए भरती कर लिया है. जहां पर दीपक की हालत अत्यंत नाजुक बनी हुई है. घटना के बाद इस रोड पर जाम के हालात निर्मित हो गए थे, दोनों ओर वाहनों की लम्बी लाइन लगी रही. गुस्साएं लोगों ने कहना था कि आए दिन इस रोड पर दुर्घटनाएं हो रही है इसके बाद भी सुरक्षा की दृष्टि से कोई उपाय नहीं किए जा रहे है.

# थाना संजीवनी नगर चौकी धनवंतरी नगर अंतर्गत हुई 3 नकबजनियों का खुलासा, 1 आरोपी गिरफ्तार

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** थाना संजीवनी नगर में दिनांक 22/ 12/ 24 को श्रीमती प्रिया जघेला उम्र 36 वर्ष निवासी भूकम्प कालोनी ने रिपोर्ट दर्ज कराई की वह प्रायवेट नौकरी करती है दिनांक 20.12.2024 को शाम लगभग 7.30 बजे घर में ताला लगाकर वह अपने मायके चौथा पुल एवं पति पचमढी चले गए थे।

दिनांक 21.12.2024 को मेरे घर के सामने रहने वाले पडोसी राहुल सिंघहरा ने करीबन 5.30 बजे शाम को फोन करके जानकारी दी कि आपके घर का ताला टूटा हुआ है आपके घर में चोरी हो गई है। तब वह अपने घर वापस आयी तो देखी कि मेन गेट के दरवाजे का कुंदा टूटा हुआ था कमरे में रखी अलमारियाॅ खुली हुई थी अलमारी में रखे सोने का छोटा लाकेट, कान की छोटी बाली, चांदी की पायल एक जोडी एवं नगदी लगभग 15 हजार रुपये एवं गुल्लक में रखे लगभग 20 हजार रूपये गायब थे। कोई अज्ञात चोर सूने मकान का ताला तोडकर चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 443/2024 धारा 331 (4) , 305 बी एन एस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। घटना क्रमांक 2- थाना संजीवनी नगर चौकी धनवंतरी नगर में दिनांक 25-12-24 की रात्रि महेन्द्र प्रजापति उम्र 35 वर्ष निवासी गजरथ कालोनी लाल बिल्डिंग के पीछे धनवंतरीनगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि फोटोग्राफी का काम करता है दिनांक 22-12-24 को दोपहर लगभग 1 बजे अपनी पत्नी प्रिया प्रजापति के साथ घर मे ताला बंद कर अपनी ससुराल रामपुर गया था दिनांक 25-12-24 को शाम लगभग 6 बजे घर वापस आया एवं घर के मेन गेट का ताला खोला अंदर गया देखा घर के मुख्य द्वार का लाक कुंदा टूटा था अंदर जाने पर अंदर के दरवाजे के लाक टूटा था पीछे के कमरे मे रखी 2 आलमारी जिनके लॉक एवं कुंदा टूटे थे लोहे की आलमारी में रखे सोने का एक लॉकेट, एक बाली तथा चांदी का करधन, गुच्छे, 13 जोड़ी बिछिया ,एवं नगदी 12 हजार रूपये नहीं थे। कोई अज्ञात चोर ताला तोड़कर सोने चांदी के जेवर एंव नगदी चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 446/2024 धारा 331(4), 305 बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। घटना क्रमांक 3- थाना संजीवनी नगर में आज दिनांक 29-12-24 को नितिन बर्मन उम्र 32 वर्ष निवासी उन्नतिनगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह एमपीईबी में प्राईवेट ड्रायवरी करता है दिनांक 28-12-24 को दोपहर लगभग 12 बजे घर में ताला लगाकर चाबी पड़ौसी अखिलेश सेन के घर देकर ड्यिूटी चला गया था, उसके परिवार वाले चार पांच दिन पहले पैतृक गांव पाटन गये हैं उसे शाम लगभग 6 बजे पड़ौसी अखिलेश सेन ने फोन कर बताया कि आपके घर का दरवाजा खुला है, वह घर आकर देखा ताला टूटा हुआ था अंदर जाकर देखा आलमारियों के लॉकर में रखे उसके एवं उसके छोटे भाई के जेवर सोने की पंचाली, अंगूठी, टाप्स, चांदी के कंगन 1 जोड़ी, 2 जोड़ी पायल, 3 चेन, 5 चूड़ी, 2 हाय गायब थे, कोई अज्ञात चोर दरवाजे का ताला तोड़कर घर में घुसकर सोने चांदी के जेवर चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 451/2024 धारा 331(3), 305 बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।




स्वात्ताधिकारी मुद्रक प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा मकान नंबर 358 साठियां कुआं जबलपुर से प्रकाशित। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जबलपुर रहेगा। मो.नं. 9300696096, भोपाल 9425025999